श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 188, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 6 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**बैठक के दौरान दलों से अपने मतभेदों को यथासंभव दूर करने की उम्मीद, खासकर उन राज्यों में जहां वे सीधे चुनावी लड़ाई में**

## 'इंडिया' की अगली बैठक मुंबई में

**मुंबई: शिवसेना** उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा है कि पटना और बंगलूरू के बाद अब विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक मुंबई में होगी। उन्होंने कहा कि यह बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को होगी। इस बैठक की मेजबानी खुद शिवसेना यूबीटी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे करेंगे। राउत ने कहा कि इस बैठक में मेजबान के तौर पर कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ उनके साथ होंगे। राउत ने बताया कि आज भी इंडिया गठबंधन की बैठक को लेकर उनकी शरद पवार, सुप्रिया सुले, पृथ्वीराज चव्हाण, नाना पटोले, अशोक चव्हाण समेत कई नेताओं से बात हुई।

बंगलूरू-पटना में हो चुकी है विपक्ष की बैठकः 'इंडिया' गठबंधन की पहली बैठक जून में पटना में और दूसरी पिछले महीने बंगलूरू में हुई थी। गठबंधन 2024 के चुनाव से पहले चुनावी अभियान जैसे कार्यों के लिए समितियों के ढांचे की घोषणा कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दलों के बीच बेहतर समन्वय के लिए एक संयुक्त सचिवालय की भी जल्द ही घोषणा की जाएगी। बैठक के दौरान दलों से अपने मतभेदों को यथासंभव दूर करने की उम्मीद है, खासकर उन राज्यों में जहां वे सीधे चुनावी लड़ाई में हैं। बंगलूरू बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 26 दलों की करीब चार घंटे चली बैठक के बाद विपक्षी गुट 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के नाम की घोषणा की थी।



उन्होंने कहा था कि समन्वय के लिए 11 सदस्यों की एक समिति भी गठित की जाएगी और मुंबई में अगली बैठक में एक संयोजक का चयन किया जाएगा।

इंडिया गठबंधन में कौन-कौनः विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, आप, जदयू, राजद, झामुमो, राकांपा (शरद पवार), शिवसेना (यूबीटी), सपा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, माकपा, भाकपा, रालोद, एमडीएमके, कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके), वीसीके, आरएसपी, भाकपा-माले (लिबरेशन), फॉरवर्ड ब्लॉक, आईयूएमएल, केरल कांग्रेस (जोसेफ), केरल कांग्रेस (मणि), अपना दल (कमेरावाड़ी) और मणिथनेया मक्कल काची (एमएमके) शामिल हैं।

### मैंने स्पीकर को फोन किया लेकिन...'अधीर रंजन



**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत मिलने के बाद अब उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल करने की मांग तेज हो गई है। राहुल गांधी फिर से सदन में दिखें इसके लिए कांग्रेस पुरजोर कोशिश कर रही है। इस बीच कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को चिट्ठी लिखी और कई सवाल भी दागे।

अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि जितनी तेजी से राहुल गांधी को अयोग्य ठहराया गया था उसी तेजी से उन्हें दोबारा बहाल किया जाना चाहिए। इस सिलसिले में मैंने कल रात अध्यक्ष को फोन किया था। स्पीकर ने मुझे महासचिव से बात करने और दस्तावेज उनके कार्यालय में जमा करने के लिए कहा। मैंने महासचिव को फोन किया जिन्होंने कहा कि उनका कार्यालय आज बंद है और मुझे अध्यक्ष को पत्र सौंपने के लिए कहा और मैंने पत्र डाक से भेज दिया।

### लोकसभा अध्यक्ष ने पत्र पर हस्ताक्षर तो किए लेकिन मोहर नहीं लगाई

**आगे** अधीर रंजन ने कहा कि लोकसभा के अवर सचिव ने पत्र पर हस्ताक्षर तो किए लेकिन मोहर नहीं लगाई। हम अध्यक्ष से अनुरोध कर रहे हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि उन्हें वापस आने में कोई समस्या न हो। साथ ही बोले कि सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी है। इसका मतलब क्या है? इसका मतलब है कि उन्हें एक बार फिर संसदीय कार्यवाही में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।


सत्र में शामिल होने के हकदार हैं राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने आगे कहा कि मैं किसी भी तरह का संदेह नहीं पाल रहा हूं। मैंने आपको केवल राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल करने के लिए हमारी ओर से किए गए प्रयासों का वर्णन किया है।

वह एक निर्वाचित व्यक्तित्व हैं और जब संसद का सत्र चल रहा हो और जब संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो रही हो तो वह इसमें शामिल होने के हकदार हैं। कल भी हमने कहा था कि उनकी अयोग्यता के दौरान जो गति अपनाई गई थी वह अब तक स्पष्ट नहीं है।

## मोदी सरकार ने प्राथमिकता पर रखा है ओडिशा का विकास : शाह

**भुवनेश्वर /नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने ओडिशा के विकास को प्राथमिकता पर रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में कहा था कि जब तक देश के पूर्वी हिस्से का विकास नहीं होता, तब तक देश का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता है। शाह ने शनिवार को भुवनेश्वर में 761 करोड़ रुपये की लागत से कामाख्यानगर-दुबुरी खंड के चार लेन के चौड़ीकरण का लोकार्पण और 34 करोड़ रुपये की लागत से




मोटेर से बनेर तक लाडुगांव से होकर जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास करते हुए कहा कि आज यहां कामाख्यानगर-दुबुरी खंड के चार लेन के चौड़ीकरण का काम राष्ट्र को समर्पित हुआ है। 51 किलोमीटर लंबे खंड पर हुए इस कार्य पर 761 करोड़ रुपये की लागत आई है। यह राजमार्ग ओडिशा के खनिज समृद्ध अंगुल और ढेनकनाल जिलों को राज्य के बाकी हिस्सों और नेशनल हाइवे के माध्यम से देश के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण होगा।

ओडिशा के विकास के लिए केन्द्र ने बढ़ाया बजटः गृह मंत्री शाह ने कहा कि ओडिशा में विकास हो सके, इसके लिए केन्द्र सरकार ने राज्य का बजट बढ़ाने का काम किया है।

### फुटबॉल सिर्फ खेल नहीं, बल्कि एक भावना है : राजनाथ

**गुवाहाटीः रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को असम के कोकराझार में डूरंड-कप 2023 के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'मैंने सुना था कि भारत का पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र फुटबॉल के प्रति अपने उत्साह के लिए जाना जाता है... डूरंड कप को लेकर मैं सभी के बीच जो उत्साह देख रहा हूं, उसने मुझे भरोसा दिलाया है कि पूर्वोत्तर के लोगों के दिलों तक पहुंचने का रास्ता फुटबॉल के माध्यम से है। फुटबॉल के लिए यह जुनून भारत में बहुत कम जगहों पर देखने को मिलता है।'

## केजरीवाल का मकसद जनता की सेवा नहीं, करोड़ों रुपये के बंगले का भ्रष्टाचार छिपाना है: शाह




**हिसारः केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की पहल पर लोकसभा में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 को पारित कर दिया गया। जहाँ शाह, वहाँ राह को चरितार्थ करते हुए अमित शाह ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनके तर्क के सामने कोई टिक नहीं सकता। लोकसभा में बहस की शुरूआत करते हुए अमित शाह ने कहा कि, 'दिल्ली में विधानसभा की शुरूआत 1993 में की गई थी। तब से दिल्ली में कभी भाजपा तो केंद्र में कांग्रेस और दिल्ली में कभी कांग्रेस तो केंद्र में भाजपा की सरकार रही है। आज तक इस मुद्दे पर बिना किसी टकराव के दोनों ही पार्टियों ने शासन किया है। लेकिन साल 2015 में जब केजरीवाल की सरकार बनी तो समस्या की शुरूआत हुई। दरअसल आप पार्टी का मकसद जनता की सेवा करना नहीं है, बल्कि इस बिल का विरोध करके दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार को छिपाना है। विपक्ष के बाकी पार्टियों का विरोध भी महज गठबंधन को बचाना है। विपक्षी कितना भी गठबंधन कर ले, 2024 में मोदी जी का प्रधानमंत्री बनना तय है। लोकसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह द्वारा दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 को पेश करने के साथ ही विपक्ष की सभी पार्टियों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। हालाँकि इस बिल के पास होने से आप पार्टी के अलावा किसी और पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है, लेकिन विपक्ष का विरोध सिर्फ और सिर्फ महागठबंधन को बचाए रखने के लिए था। महागठबंधन की नींव तो वैसे भी कमजोर है और अब बिल के पास होते ही केजरीवाल निश्चित तौर पर महागठबंधन से बाहर निकल जाएंगे।

## नूंह में कर्फ्यू में मिली 3 घंटे की छूट

**नूंहः हरियाणा** के नूंह में हिंसा के 6 दिन बाद भी कर्फ्यू जारी है। हालांकि कर्फ्यू में शनिवार को भी ढील दी गई। यह ढील दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे तक जरूरी सामान की खरीदारी को लेकर जिलाधीश द्वारा दी गई। वहीं फिलहाल ब्रजमंडल हिंसा मामले में अब तक 56 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। साथ इन मामलों में 145 लोगों की गिरफ्तारी कर ली गई हैं। इस हिंसा में अब तक 88 लोगों के घायल होने की बात सामने आई हैं। फिलहाल यहां स्थित नियंत्रण में है। दूसरी ओर पुलिस ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी कार्रवाई की है। इस संदर्भ में

### सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले 10 लोगों पर एफआईआर; 3 गिरफ्तार

साइबर थाना नूंह पुलिस ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले 10 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। बता दें कि 31 जुलाई को नूंह में हिंसा फैल गई। जिसमें 4 की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हो गए। हालात बिगड़ते देख इंटरनेट सुविधा बंद कर दी। साथ ही कर्फ्यू भी लगा दिया।

**तीन लोगों की हत्या; उपद्रवियों ने कई घरों में लगाई आग**

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

**इंफालः मणिपुर** में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीते दिनों पुलिस और सेना की मदद से हिंसा की आग को शांत किया गया था, लेकिन एक बार फिर वहां आगजनी और खूनी खेल शुरू हो गया है। बीती रात बिष्णुपुर जिले में कुछ उपद्रवियों ने मैतेई समुदाय के तीन लोगों की हत्या कर दी।

कई घरों में आगजनीः उपद्रवियों ने हिंसा के साथ कई घरों में आग भी लगा दी। पुलिस ने कहा कि मैतेई समुदाय के बफर जोन को पार कर कई लोग घुस आए और उन्होंने वहां गोलीबारी की। बिष्णुपुर के



क्वाक्टा क्षेत्र के पार केंद्र सरकार के आदेश के तहत बफर जोन बनाया गया है।

फायरिंग के साथ पुलिस के हथियार लूटेः बीते दिन भी बिष्णुपुर में हमला हुआ था और उपद्रवियों ने इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के बटालियन मुख्यालय में में तोड़-फोड़ कर हथियार चुरा लिए। असॉल्ट राइफलों के साथ पुलिस के कई हथियार और करीब 19000 गोलियां चोरी की गई हैं।

सुरक्षा बलों के साथ झड़पः उपद्रवियों को रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने भी कई राउंड फायर किए। हालांकि, उपद्रवियों के हमले में कई सुरक्षा कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने इसके बाद हालात काबू में लाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। घटना के बाद इंफाल के कई इलाकों में कर्फ्यू में दी गई ढील वापस ले ली गई है।

## योगी सरकार ने धसान नदी पर पुल की दी सौगात

### 108 करोड़ से होगा निर्माण, पुल बनने से हमीरपुर के कई गांवों को आवागमन में मिलेगी राहत

**हमीरपुर। हमीरपुर** जिले में धसान नदी पर अब एक पुल बनाने की योगी सरकार से हरी झंडी मिलने से यहां लोगों में खुशी देखी जा रही है। इसके लिए 1.13 अरब रुपये की शासन ने मंजूरी भी दे दी है। इस पुल के बनने से झांसी पहुंचने की दूरी बहुत कम हो जाएगी। हमीरपुर जिले के राठ क्षेत्र के टोला खंगारन गांव से होकर बहने वाली धसान नदी में पुल न होने के कारण एक दर्जन से ज्यादा गांवों के लोगों को हर साल बड़ी मुसीबतें उठानी पड़ती है। हजारों ग्रामीण भी गर्मी के मौसम में यह नदी पैदल ही पार करते है। जबकि बरसात के मौसम में इस नदी का जलस्तर भयावह हो जाने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों



का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद लोग लोग नाव के जरिए नदी पार करते है। गांवों के बच्चों को भी स्कूल जाने के लिए नाव से ही नदी पार करना पड़ता है। क्षेत्र के टोला खंगारन से बहने वाली धसान नदी खिरिया, इटैलिया राजा, बंगरा, धगवां गांव तक बहती है। खरगांव, जिंगनी समेत अन्य गांवों के किसानों को भी नदी पार खेतीबाड़ी के लिए जाना पड़ता है। इसके अलावा अटगांव, सरीला, जराखर समेत तमाम गांवों के लोगों को झांसी जाने के लिए यही रास्ता चुनना पड़ता है।

पुल न होने से नाव जरिए ग्रामीण होते है नदी से आरपारः क्षेत्र के मंगल सिंह, रामसनेही, राजू, दीन दयाल समेत तमाम ग्रामीणों ने बताया कि झांसी जाने के लिए धसान नदी पार करना मजबूरी है। बारिश के मौसम में इस नदी को जलस्तर बढ़ने के कारण पार करना बड़ा रिस्क है।

नदी पार करना एक मात्र ही नाव ही जरिया है। उन्होंने बताया कि जलस्तर बढ़ने के बाद भी मजबूरी में लोग नदी पार करते है।

## इमरान को तोशाखाना केस में 3 साल जेल

**लाहौर से गिरफ्तार कर इस्लामाबाद ला रहे; 5 साल चुनाव नहीं लड़ पाएंगे पूर्व पाक पीएम**

**लाहौरः पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना केस में गिरफ्तार कर लिया गया है। लाहौर पुलिस ने पीटीआई चेयरमैन को उनके जमान पार्क स्थित घर से अरेस्ट किया। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद लाया जा रहा है। इस्लामाबाद की ट्रायल कोर्ट ने उन्हें 3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही अगले 5 साल तक वो चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। कोर्ट ने पूर्व पाकिस्तानी पीएम पर एक लाख पाकिस्तानी रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। इमरान की पार्टी पीटीआई के मुताबिक, खान को लाहौर की कोट लखपत जेल ले जाया गया है। फैसले के वक्त कोर्ट ने कहा- पीटीआई चेयरमैन इमरान ने तोशाखाना मामले में



पाकिस्तान के चुनाव आयोग को गलत जानकारी दी थी। वो भ्रष्टाचार में लिप्त थे। अदालत ने शनिवार को सुनवाई के बाद 12:30 बजे तक फैसला रिजर्व कर लिया था।

गिरफ्तारी पर इमरान खान ने कहा- मैं देश के लिए संघर्ष कर रहाः इमरान खान ने गिरफ्तारी के बाद अपना एक वीडियो ट्वीट किया है। इसमें खान ने बताया है कि उन्हें गिरफ्तारी की पहले से ही जानकारी थी।

### ईडी ने पीएफआई मामले में की कार्रवाई

**नई दिल्लीः प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और अन्य मामले में 2.53 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां जब्त की हैं। ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियों में 338.03 वर्ग मीटर के चार बिना बिके विला भी शामिल हैं और मुन्नार विला विस्टा परियोजना से 6.75 एकड़ खाली भूमि भी शामिल की गई है। ईडी ने 7 जनवरी को इन संपत्तियों के लिए प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी किया था, जिसकी बाद में 30 जून को एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी ने पुष्टि की थी। जांच एजेंसी ने कहा कि उसने केरल के एनार्कुलम में मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालत।


### कमलनाथ ने भाजपा की सुझाव पेटी पर कसा तंज

**भोपाल। मध्य** प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी है। सत्ताधारी दल भाजपा ने घोषणपत्र बनाने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुझाव पेटी लगाने वाली है, ताकि जनता का सुझाव लिया जा सकें। भाजपा की सुझाव पेटी पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि जनता सुझाव देने की जगह भाजपा से ये ह्यसवाल पूछेगी कि सौदेबाजी कर आपने जनता ी चुनी सरकार को क्यों गिराया।

## चंद्रबाबू नायडू की रैली में पथराव करने वाले 50 आरोपी गिरफ्तार

**चित्तुरः टीडीपी** प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू के जिले के दौरे के दौरान पथराव और आगजनी में शामिल होने के आरोप में 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि इसके अलावा, दंगों में शामिल 200 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किए जाने की संभावना है, क्योंकि पुलिस हिंसा में शामिल लोगों की पहचान करने के लिए फुटेज देख रही है।

पथराव में कई पुलिसकर्मी घायलः शुक्रवार को चंद्रबाबू नायडू के जिले के दौरे के दौरान पथराव और आगजनी में लगभग 20 पुलिसकर्मी और विपक्षी टीडीपी के



साथ-साथ सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी के कई समर्थक घायल हो गए।

वीडियो फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचानः चित्तूर जिला पुलिस अधीक्षक वाई रिशांत रेड्डी ने बताया, "हमारे पास वीडियो फुटेज है और हम 150 से 200 लोगों को और पकड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। हम जिले के भीतर और आंध्र प्रदेश विशेष पुलिस (एपीएसपी) से अतिरिक्त बल, 300 पुलिसकर्मी भी लाए हैं और उन्हें पूरे जिले में तैनात किया है।"

इलाके में धारा 144 लागूः पुलिस ने कहा, "हमने उन सभी लोगों को पकड़ लिया है, जिन्होंने महिला सहित कई पुलिसकर्मियों पर पत्थरों, बीयर की बोतलों, लाठियों और अन्य वस्तुओं से हमला किया है।" हालांकि, उन्होंने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है और सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने की कोई जरूरत नहीं है। इस बीच, पुलिस सूत्रों ने दावा किया कि गिरफ्तार किए गए सभी लोग टीडीपी के हैं।

## माधवराव सिंधिया ने देश सेवा में समर्पित किया जीवनः शिवराज

**भोपालः मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को टीकमगढ़ के सर्किट हाऊस में स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत तथा अन्य मंत्री व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी ने अपना पूरा जीवन भारतमाता के लिए समर्पित किया। वे रेल मंत्री रहे और उन्होंने भारत में शताब्दी एक्सप्रेस आरंभ कर एक नए युग की शुरूआत की। नागरिक उड्डयन मंत्री, पर्यटन मंत्री और मानव संसाधन विकास मंत्री के रूप में भी उन्होंने देश की अभूतपूर्व सेवा की। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हम यह संकल्प लेते हैं कि राजमाता से लोकमाता के रूप में प्रदेशवासियों के मन में वास करने वालीं श्रद्धेय विजयाराजे सिंधिया और बड़े महाराज स्व. माधवराव सिंधिया ने प्रदेश के विकास के लिए जो संकल्प लिए, उन्हें हम अधूरा नहीं रहने देंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार लंबे समय से टीकमगढ़ और बुंदेलखंड से जुड़ा रहा है। जब अफगानों ने बुंदेलखंड पर हमला किया था तब यहां के प्रतापी राजा महाराज छत्रसाल की मदद के लिए मेरे पूर्वज राणोजी राव जी आगे आए थे। उसी प्रकार श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी ने बुंदेलखंड के सर्वांगीण विकास के लिए रेल की सुविधा प्रदान की थी। पूज्य पिताजी का आदर्श जीवन एवं मार्गदर्शन मुझे हमेशा राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करेगा तथा लोक कल्याण की भावना से आगे बढ़ने की सीख देता रहेगा।

## खबर संक्षेप

### चार लाख की चोरी इलाके में फैली दहशत जांच में जुटी पुलिस

**प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अक्सर क्षेत्र में बेखौफ चोरों के द्वारा घटना को अंजाम दिया जा रहा, जिसे लेकर लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। मेजा थाना क्षेत्र के कोटहा गांव निवासी अनिल कुमार गुप्ता बीआरसी कार्यालय के सामने प्रयागराज मिर्जापुर राजमार्ग स्थित अपने घर में ही बैंक ऑफ बड़ौदा की टाइनी शाखा संचालक का संचालन करते हैं।बीती रात अज्ञात चोरों ने छत के ऊपर लगी जाली तोड़कर आंगन के रास्ते घर दाखिल होते हुए अलमारी में रखे (1.5 लाख) डेढ़ लाख रुपए नकद तथा (2 लाख) दो लाग के आभूषण पार कर दिया। इतना ही नहीं टाइनी शाखा में ग्राहकों को वितरण के लिए रखे गए (66 हजार) छाछठ हजार रूपए कैश पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। सुबह जब भुक्तभोगी को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

# मेजा में कुएं में गिरने से मासूम की मौत



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मेजा के औंता गांव में एक मासूम की कुएं में गिरने से मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि कुएं में जहरीली गैस होने से उसमें गिरे मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे फायरकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से घण्टो बाद मासूम के शव को बाहर निकाला है।मिली जानकारी के अनुसार ,मेजा थाना क्षेत्र के ओनौर (कुर्मियान बस्ती) गांव निवासी अयोध्या प्रसाद का तीन वर्षीय बेटा अवनीश कुमार शनिवार की दोपहर घर के समीप कुएं के पास खेल रहा था। तभी वह अचानक वह कुएं में गिर गया। घर व आसपास के लोग बच्चे को निकालने का प्रयास करने लगे। इसी बीच ग्रामीणों ने इसकी सूचना मेजा फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को दिया।सूचना पर फायर स्टेशन प्रभारी मेजा राजेन्द्र तिवारी, राजेन्द्र शुक्ला, गंगाराम यादव, गिरजेश कुमार व शुभम कुमार मौके पर पहुचें। टीम ने ग्रामीणों की मदद से घण्टो रेस्क्यू के बाद किसी तरह कड़ी मशक्कत कर मासूम को बाहर निकाला।लेकिन तब तक मासूम की मौत हो चुकी थी। लोगों की मानें तो उक्त कुएं में जहरीली गैस थी, जिससे मासूम की मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। उक्त मामले में जेवनिया चौकी प्रभारी बृजेश तिवारी ने बताया कि कुएं में गिरने से मासूम की मौत हुई है। मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**नैनी।** नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र के बजहा गांव में रहने वाले युवक की लाश शनिवार की सुबह फंदे पर लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलने पर घर मे कोहराम मच गया। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया हालांकि मौत का कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है पुलिस जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार गुलाब यादव (27) पुत्र रामकरन यादव ग्राम बजहा थाना औद्योगिक क्षेत्र का रहने वाला था। दो भाई और एक बहन में गुलाब से बड़ी बहन है उसके बाद गुलाब से छोटा एक भाई है।मृतक गुलाब घर पर ही रहकर खेती किसानी का काम करता था।आपको बता दे कि मृतक गुलाब की शादी कई वर्ष पहले हुई थी पत्नी से कई बच्चे हुए लेकिन पैदा होते ही बच्चे का मर जाना पति पत्नी के बीच विवाद का कारण रहता था सूत्रो की माने तो शुक्रवार रात में भी पति पत्नी का विवाद हुआ सुबह लगभग पांच बजे पत्नी उठकर घर के काम मे लग गई उसके बाद गुलाब कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर फंदे से लटक गया । सुबह करीब छः बजे गुलाब के नही जगने पर दरवाजा खटखटाने पर भी दरवाजा नही खुला तो घर के किसी सदस्य ने खिड़की से झांककर देखा तो गुलाब का शव फंदे से लटक रहा था। काफी प्रयास के बाद दरवाजा को तोड़कर घर के सदस्य कमरे में दाखिल हुए उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिये मरचरी भेज दिया। फिलहाल पुलिस आत्महत्या का कारण पता करने में जुटी है।

## न्यूज झरोखा

### भीम सेना ने एसडीएम को दिया 15सूत्रीय मांगपत्र




**मांडा।** भारतीय भीम सेवा समिति भीम सेना के कार्यकर्ताओ ने शनिवार को तहसील कोरांव में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र राव की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओ के साथ प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित पंद्रह सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम बारा को सौंपा। ज्ञापन सौंपते वक्त उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए सुरेश चंद्र राव ने कहा कि भाजपा की सरकार बहुजन समाज के हक अधिकार के साथ खिलवाड़ कर रही है जिसे भीम सेना सहन नहीं करेगी। पन्द्रह सूत्रीय ज्ञापन में भूमिहीन गरीब मजदूरों को आवासीय एवम कृषि पट्टा आवंटन, निजीकरण व संविदा आधारित नौकरी की समाप्ति, परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम व्यवस्था खत्म कर छात्रवृत्ति बढ़ाना, जातीय गणना कराकर आरक्षण वृध्दि, निष्पक्ष चुनाव हेतु ईवीएम मतदान बंद करना, अनुसूचित व अल्पसंख्यक समुदाय के महापुरुषों की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल कराने सहित विभिन्न मांग की गई। उपजिलाधिकारी कोरांव ने समस्त मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडवोकेट भीम राव गौतम, अनूपा आदिवासी, सेराज शेख, बृजलाल चौधरी, सुनील गौतम, इरशाद अहमद, रमेश आदिवासी, हरि बाबा, मोईनुद्दीन चिश्ती, दूल चंद्र गुप्ता, प्रेम शंकर बिन्द, दिनेश गौतम, अनीता गौतम, बृजलाल चौधरी, भारत लाल गौड़ सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जीएस एकेडमी धरवारा में चित्र कला प्रतियोगिता हुई आयोजित, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा




**करछना।** के जीएस एकेडमी धरवारा में शनिवार को चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई । जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बालिकाएं अव्वल रही। कक्षा 6 में राशमी सिंह प्रथम व दिव्या गुप्ता द्वितीय तथा अंजली सिंह तृतीय स्थान पर रही। वहीं कक्षा 7 में शुभी विश्वकर्मा प्रथम व रिया मिश्रा द्वितीय तथा कोमल पटेल तृतीय स्थान पर रही । कक्षा 8 में रागनी सिंह प्रथम व आकांक्षा सिंह द्वितीय तथा शुभम चंद्र पटेल तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रबंधक विनय कुमार सिंह की ओर से प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले सभी कक्षा के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शांति शर्मा ने पौधरोपण सहित बेटी बचाओ विषय पर बल दिया । इस मौके पर नीतू सिंह प्रदीप सिंह विष्णु गोपाल पांडेय सुरजीत पटेल कुलदीप जैन आशीष जैन प्रेमचंद रजाज सेजल सलोनी नैना श्वेता संजू त्रिपाठी संजू मिश्रा सहित आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग मौजूद रही ।

### संसद में अपनी वाणी एवं प्रतिभा के धनी व प्रखर वक्ता थे जनेश्वर जी : पप्पूलाल निषाद



**करछना।** समाजवादी पार्टी विधानसभा करछना द्वारा छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र जी की 91वें वी जयन्ती बड़े धूमधाम से रामलखन पब्लिक स्कूल मुंगारी करछना में मनाई गई। इस अवसर पर सपा जमुनापार के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कहा कि जनेश्वर जी एक महान समाजवादी, प्रखर वक्ता एवं समाजवादी चिन्तक थे। आज संसद ऐसे महामानव की अनुपस्थिति में अधूरी है। सही मायने में डॉ. रामम?नोहर लोहिया के बाद अगर कोई समाजवादी इस धरती पर रहा तो वह जनेश्वर जी थे जिन्होंने धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव जी का अंतिम समय तक साथ दिया। समारोह को जिला उपाध्यक्ष पप्पू इसराइल, कृपाशंकर बिन्द, महासचिव जगदीश सिंह यादव, सत्यभामा मिश्रा, महेन्द्र सरोज, छोटेलाल शर्मा, सारिका यादव, रामानन्द यादव सहित जिले के अनेक पदाधिकारियों ने व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू तथा संचालन राजेश यादव ने किया। जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जिलाध्यक्ष यमुनापार ने छोटे लोहिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा सभी समाजवादियों तथा कार्यकताओं का मुंह मीठा कराया। संयोजक ननकेश बाबू ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सूर्यप्रकाश उर्फ बाबा यादव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रमुख रूप से नगर निगम पार्षद प्रेम शंकर यादव, जोनल प्रभारी गजराज सिंह, नीरेंद्र सिंह, जगदीश यादव, बृजलाल कन्नौजिया, कन्हैयालाल पाल, मुनेश विश्वकर्मा, विमल यादव, रामसेन, सर्वेश, बबलू यादव, प्रदीप निषाद, सूरज, सुनील यादव सहित अनेक जोनल एवं सेक्टर प्रभारी व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कोरांव में सपाइयों ने मनाया छोटे लोहिया का जन्मदिन




**पसना।** समाजवादी पार्टी कार्यालय कोराँव में स्व छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्रा के जन्म दिवस के अवसर पर माल्यार्पण कर उनके सिद्धांतों को याद किया गया। राम मनोहर लोहिया का मानना था कि सामाजिक प्रतिष्ठा का आधार कर्म होना चाहिए न कि जन्म, जन्म के आधार पर ब्राह्मण, क्षत्रिय या वैश्य को उच्च समझना जाति प्रथा को बनाये रखना हैं। एक व्यक्ति के उच्च वर्ण में केवल जन्म लेने से वह उच्च नहीं हो जाता, बल्कि उसमें उच्चता के अनुकूल गुण एवं योग्यता भी होनी चाहिए ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष ललन पटेल,विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल, मेहताब खान, जिला सचिव दिनेश पटेल,वरिष्ठ नेता रामप्रवेश कुशवाहा,शहादत अली,राजेश पांडे,अखंड भास्कर,रविंद्र जैसल,दीपक पटेल पवन सोनकर,अश्वनी पटेल,पुष्कर यादव,यादवेन्द्र अहीर,नि. उपाध्यक्ष के साथ अन्य सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जुमई की रचनाए बंया करती है आम आदमी के जीवन का यथार्थ : अशोक



**करछना।** अवधी भाषा के रचनात्मक परिदृश्य में आम आदमी के लोक जीवन का यथार्थ बोध कराने वाली रचनाओं को लेकर जुमई खां आजाद की रचना धर्मिता का अवधी साहित्य समाज सदैव कायल रहेगा। अपने समय में दिखावे से दूर खुद एक अल्हड़ जीवन के पर्याय रहे जुमई खां की रचनाओं में वंचित,शोषित उपेक्षित समाज के प्रति जहां एक ओर गहरी पीड़ा का भाव झलकता है,वहीं बाबा नागार्जुन,मुंशी प्रेमचंद और धूमिल जी की सोच और प्रेरक अभिव्यक्ति से ताल मिलाकर वह सदैव समकालीन कविता के एक स्तंभ के रूप में जाने जाते रहेंगे।उनका असली मूल्यांकन अभी शेष है। यह बातें जुमई खां की जयंती पर आकाशवाणी दूरदर्शन से बतौर कवि, संचालक के रूप में जुड़े हास्य कवि अशोक बेशरम ने कटका स्थित के.एन.कांवेंट स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि निर्धनता, भय, भूख, असुरक्षा, निरक्षरता, बेकारी जैसी समस्याओं को लेकर दलित पीड़ित, आश्रित, विवश, शोषित, आम आदमी के लोकजीवन का यथार्थ बंया करती जुमई खां की कविताएं कालजयी है। उनकी बहुचर्चित कविता, कथरी तोहार गुन उइ जानइ,जे करै गुजारा कथरी मा,आज भी लोगों की जुबान पर रची-बसी है। आज के बदलते कविता साहित्य के इस दौर में समाज के प्रति चिन्तन की प्रेरणा दायक परंपरा को भी कायम रखना साहित्यकारों की जिम्मेदारी है। इस बदलते परिवेश मे जब मंचों पर जुमले, चुटकुले, तुकबंदियां कुलेल कर रही हों, आयअर्जन की परिधि से दूर हटकर अपने कवि को जगाने और मौलिकता गढ़ने के लिए नई पीढी.के रचनाकारों को भी ऐसे अल्हड़ जनकवि की रचनाओं से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबधक इन्द्र कुमार अवस्थी ने की। स्कूल के बाल कवियों ने भी रचनाएं सुनाईं। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

### हिस्ट्रीशीटर पप्पू गंजिया पर 50 हजार का इनाम घोषित

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में जिस पर पूर्व में पच्चीस हजार का इनाम घोषित था जिसको बढ़ाकर पच्चास हजार रुपये कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद जावेद उर्फ पप्पू के ऊपर नैनी थाने में दो दर्जन से ऊपर मुकदमे दर्ज है वांछित अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर ,भू माफिया सहित अन्य कई मामलों भी वांछित है पूर्व में गंजिया स्तिथ इसके फार्म हाउस को पीडीए ने बिना नक्शा के पास होने के कारण गिराया है इसके गंजिया स्तिथ घर की कुर्की भी की जा चुकी है लेकिन अभी तक पुलिस इसे गिरफ्तार नही कर पाई।

### नैनी पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी पुलिस ने आर्म्स एक्ट से संबंधित एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी पुलिस को शनिवार को सूचना मिली कि माननीय न्यायालय एसीजेएम -2 के केस आर्म्स एक्ट से संबंधित वारंटी अभियुक्त छोटे उर्फ छोटन पुत्र डंगर निवासी कसाई बस्ती थाना नैनी ,प्रयागराज अपने घर कसाई बस्ती में मौजूद है सूचना पर पहुँची पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने लाई। उसके बाद नियमानुसार अग्रिम विधि करवाई की गई।

## प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुए नौनिहाल

अखंड भारत संदेश

**न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा :**

**एसडीएम एवं प्रधान ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की**



**करछना।** न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता संकुल करछना में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी करछना द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतिभागी टीमों का हौसला अफजाई करते हुए मुख्य अतिथि ने खेल को खेल भावना से खेलने को कहा। खेल के बिना जिंदगी अधूरी है कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान करछना ने किया। प्राथमिक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय भरहा और उच्च प्राथमिक स्तरीय बालक वर्ग में मुंगारी के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक श्री कीर्ति प्रकाश मिश्र एवम खेल अनुदेशक ने खेल प्रतियोगिता को संपन्न कराया । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी करछना अनिल कुमार त्रिपाठी ने विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शिव बहादुर यादव,,मंत्री रावेंद्र नाथ मिश्र, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार यादव,मंत्री श्रीमती कुसुम लता सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के मंत्री त्रिवेणी शंकर संकुल शिक्षक अंकित शुक्ला, मोनिका श्रीवास्तव, पुष्पा सिंह,आरती द्विवेदी, जीनत परवीन, एवम संकुल के समस्त प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण बहुत आवश्यक : अनिरुद्ध सिंह पटेल

अखंड भारत संदेश




**सहसों।** प्रशिक्षण जीवन की एक सतत प्रक्रिया है जो उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण बहुत आवश्यक है। उक्त बातें केवला प्रसाद शुक्ल जनता महाविद्यालय देवनहरी में एकल विद्यालय अभियान के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र के दौरान संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा विद्या की देवी माता सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करते हुए प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए विशिष्ट अतिथि भाजपा फूलपुर मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है ऐसे में हमारे कार्य करने की गुणवत्ता में वृद्धि होती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सहसों मंडल महामंत्री पवन शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षण का लाभ लेकर हम अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन अंचल प्रशिक्षण प्रमुख बृज लाल ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में अंचल अभियान प्रमुख नागेश्वर जी ने सभी अतिथियों के प्रतीक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश कुमार गुप्ता, पुष्कर सिंह, राघवेन्द्र सिंह सिंगरौर एवं ज्ञान जी, साधना जी समेत आदि प्रशिक्षणार्थी महिला पुरुष उपस्थित रहे।





## एसीपी के नेतृत्व में मऊआइमा थाना चौराहे पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

अखंड भारत संदेश

**तमाम फोर्स की मौजूदगी में एक डग्गामार बस पुलिस को चकमा देकर भागा, पकडा गया**

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना पड़ाव चौराहा राजमार्ग पर शनिवार को ए सी पी के नेतृत्व में वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें अनेकों वाहनों को सीज एंव चालान किया गया। एक डग्गा मार बस चालक पुलिस को चकमा दे कर भगरहा था जिसे भी सोरांव पहुचते ही पकड़ लिया गया। मऊआइमा प्रयागराज- प्रतापगढ़ फोरलेन स्थित थाना चौराहे पर शनिवार को ए सी पी मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में थाने की पूरी फोर्स के साथ मऊआइमा थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुशवाहा, सब इंस्पेक्टर संजय मौर्या, राम बालक, दिनेश यादव, अरविन्द कुमार तथा महिला सिपाही पूनम आदि के साथ दो दर्जन वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें जिन वाहनों के कागजात नहीं थे। चालान एंव सीज किया गया। एक भागे हुए बस चालक को मय बस सहित सोरांव में पकड लिया गया। पुलिस की चेकिंग अभियान को देख कर अनेकों वाहन चालक दूर से इधर उधर से भागने में सफल रहे।

## हंस फाउंडेशन से संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन का किया गया शेड्यूल प्रेषित

अखंड भारत संदेश




**जारी।** मोबाइल मेडिकल वाहन द्वारा गांव-गांव पहुंचकर अनुभवी चिकित्सक, टेक्नीशियन की टीम के माध्यम से रक्तचाप, मधुमेह, पैथोलॉजिकल आदि का निःशुल्क जांच व दवा सहित लीवर, किडनी व हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों को भी सेवाएं प्रदान की जाती है। कौंधियारा विकास खंड क्षेत्र के बीस पंचायतों में निशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहा है। द हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से खंड के देवरा , बैरी, इटार,पिपरहटा, बडगोहना कला एवं खुर्द, कुलमई, गढ़वा कला सहित बीस ग्राम पंचायतों में आम जन मानसों तक निशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहा है। इसके अतरिक्त द हंस फाउंडेशन की चिकत्सा टीम द्वारा ग्रामीणों को व्यवहार परिवर्तन हेतु लोगों को बैठक के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में विभिन्न प्रकार के चिकित्सा उपकरणों और दवाओं का प्रावधान है। संस्था द्वारा प्रदान की जाने वाली निशुल्क चिकित्सा सेवाओं में शामिल हैं। प्राथमिक चिकित्सा जांच दवाइयां द्वारा गावों में जाकर प्रति दिन 80 से 100 मरीजों का इलाज किया जाता है। इसके अलावा द हंस फाउंडेशन की स्वास्थ्य कार्यकताओं के द्वारा लोगों को स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न प्रकार के व्यवहार परिवर्तनों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता ,खान-पान ,शारीरिक व्यायाम ,टीकाकरण, ग्रामीणों का कहना है कि इससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही हैं ।और वे स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम हैं। द हंस फाउंडेशन एक समाज सेवी संस्था है जो स्वास्थ्य , शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा जिले के बीस ब्लॉकों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान किया जा रहा है। अमित कुमार द्विवेदी - परियोजना समन्वयक (कलस्टर यमुना पार) डाक्टर इमरान अंसारी चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार सिंह फार्मासिस्ट कमलेश कुमार लैब टेक्नीशियन सोनम राय एएनएम।

## ग्राम चौपाल बनी औपचारिकता विकास के नाम पर बन्दर बांट!

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** प्रयागराज।यमुनापार क्षेत्र के विकास खंड मांडा अन्तर्गत 69 ग्राम पंचायतों का मुख्यालय है जहां ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की गति देने के लिए सक्षम अधिकारी कार्यरत है वही उत्तर प्रदेश सरकार जन कल्याणकारी योजना के तहत ग्राम चौपाल लगाकर ग्राम पंचायतों की समस्या ग्राम पंचायत में निस्तारण एवं लाभकारी योजनाएं जन-जन तक चौपाल के माध्यम से पहुंचाने का निर्देश दिया गया। सरकार के निर्देश का पालन करते हुए ग्राम पंचायतो में दिन वार बांट कर चौपाल का आयोजन किया जाता है। वहीं उल्दा ग्राम पंचायत भवन पर खण्ड विकास अधिकारी मांडा अमित मिश्रा के नेतृत्व में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी गई ।और इसी क्रम में ग्राम पंचायत गिरधरपुर के पंचायत भवन पर एडीओ पंचायत मांडा विवेक मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। एडीओ पंचायत ने ग्राम पंचायत में आवास,शौचालय, पेंशन, रिबोर हैण्ड पम्प,कन्या धनराशि आदि विभिन्न योजनाओं के अलावा शिक्षण कार्य में गुणवत्ता परख की बात करने पर उपस्थित कुछ लोगों ने ग्राम प्रधान व सचिव पर आरोप लगाते हुए कहा कि आवास, शौचालय, रिबोर के नाम पर अपात्र लोगों से मोटी रकम लेकर सरकारी धन को बंदरबांट कर लिया जाता है जिससे पात्र लोग सरकारी लाभों से वंचित रह जाते हैं। वहीं ग्राम पंचायतों में किसी व्यक्ति को कोई सूचना बैठक की नहीं दी जाती है।ग्रामीणों की उक्त समस्याओं को सुनते हुए एडीओ पंचायत ने ग्राम प्रधान व सचिव पर नाराजगी जताते हुए जांच करवाने की बात कही। कार्यक्रम में वीडीओ संदीप कुमार, राजीव सक्सेना,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं रोजगार सेवक प्रेम कुमार, उल्दा प्रधान प्रतिनिधि इंद्रजीत,पूर्व प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश पांडेय आदि दर्जनों महिलाएं सहित उपस्थित रहे।

**सम्बन्धित अधिकारी योजनाओ की नही देते जानकारी**

### ग्राम पंचायत हर्रई में सरकारी संस्थानों परअतिक्रमण हटाने में राजस्व विभाग फेल

**राजस्व कर्मियों के खिलाफ पीआईएल दाखिल करने की प्रधान ने बनाई रणनीति**

**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्रई में सरकारी बिल्डिंग पर पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय प्रमुख मार्ग संख्या 31 व अन्य प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर रखा जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान विजय शंकर तिवारी ने अनगिनत बार तहसील संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार करछना को लिखित शिकायत कर अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के लिए फरियाद कर चुके हैं कई महीनों बीत जाने के बाद पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय व प्रमुख मार्गों पर से राजस्व कर्मियों द्वारा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई नहीं और न अतिक्रमण हटाया गया जिससे सरकारी भवन पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय निष्क्रिय रूप में पड़े हैं प्रधान विजय शंकर तिवारी ने एक औपचारिक बातचीत ने बताया कि राजस्व कर्मियों द्वारा की गई घोर अनियमितता के कारण अतिक्रमण हटाया नहीं गया जिनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने हैं कोर्ट की शरण में जाने के लिए विवश हैं बता दें कि वर्षों से बने सामुदायिक शौचालय का उपयोग ग्रामीण नहीं कर पा रहे हैं इसी प्रकार पंचायत भवन में लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद आम रास्ता व बाउंड्र वॉल बनाए जाने को लेकर प्रधान अथक प्रयास थे लेकिन अतिक्रमणकारियों द्वारा कार्य पूर्ण नहीं कराया गया जिसकी वजह से सरकारी कामकाज पूरी तरह से ठप है।

# प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन की बदलेगी सूरत, डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

## प्रधानमंत्री आज वर्चुअली करेंगे स्टेशन के नवीनीकरण की आधारशिला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जंक्शन के दिन बदलने वाले हैं अब कुछ समय बाद यह जंक्शन एयर पोर्ट की तर्ज पर बनाया जाएगा। भारत स्टेशन योजना के तहत 881 करोड़ खर्च कर उत्तर रेलवे व पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के 19 स्टेशनों का एयरपोर्ट की तर्ज पर कायाकल्प होगा। इनमें प्रतापगढ़ जिले का जंक्शन प्रतापगढ़ जंक्शन सहित जौनपुर जिले के तीन स्टेशन जौनपुर जंक्शन,शाहगंज जंक्शन और जंघई जंक्शन भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से योजना का शुभारंभ करेंगे। उत्तर रेलवे के डीआरएम डॉ. मनीष थपलियाल और पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम आदित्य कुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।स्टेशनों को संवारने का काम अगले साल मार्च तक हो जाएगा। इनमें उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के उतरठिया,अमेठी, दर्शन नगर, बाराबंकी जंक्शन, भदोही, जौनपुर जंक्शन, शाहगंज जंक्शन, जंघई जंक्शन, प्रतापगढ़ जंक्शन, प्रयाग जंक्शन, फूलपुर, रायबरेली जंक्शन, सुल्तानपुर जंक्शन, उन्नाव जंक्शन और काशी हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के ऐशबाग जंक्शन, बादशाहनगर, बस्ती और सीतापुर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। शनिवार को जंक्शन के बाहर भव्य पांडाल लगाकर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने के लिए एलईडी स्क्रीन लगाई गई। रेलवे के अधिकारी भी निरीक्षण करने पहुंचे। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, भाजपा नेताओं संग अधिकारी मौजूद रहेंगे।



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम डाक्टर मनीष थपल्याल।


# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राहुल गांधी को बदनाम करने की साजिश हुई नाकामः प्रमोद तिवारी

## कैम्प कार्यालय पर सुनीं जनसमस्याएं

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता एवं केन्द्रीय कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी शनिवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होने सांगीपुर इलाके के मुस्तफाबाद, राहाटीकर, आमीशंकरपुर आदि स्थानों पर लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलछेम पूछा।

इसके पश्चात राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी लालगंज स्थित विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने हरियाणा की नूंह में हुई हिंसा को लेकर कहा कि यहां जो कुछ भी हुआ वह किसी से छिपा नही है। भाजपा सरकार अपराधियों के साथ खड़ी है, जिसे जनता देख व समझ रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने मणिपुर में कतलेआम व दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने महराष्ट्र में सरकार खुलेआम साम्प्रदायिकता का ताण्डव करने को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राहुल गांधी को बदनाम करने की साजिष नाकाम हुई है। राज्यसभा सांसद ने लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनता की समस्याएं भी सुनीं। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, केडी मिश्र, डा. अमिताभ शुक्ल, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, बृजेश द्विवेदी, राजू पाण्डेय, त्रिभु तिवारी, छोटे लाल सरोज, दयाराम वर्मा, बेलाल रहमानी आदि रहे।



लालगंज कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते प्रमोद तिवारी।

# सपाईयों ने मनाई जनेश्वर मिश्र की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम छोटे लोहिया के नाम से मशहूर स्व. जनेश्वर मिश्र की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी और गोष्ठी का आयोजन हुआ। साथ ही साथ पिछले दिनों समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मरहूम इरशाद सिद्दीकी व पूर्व कोषाध्यक्ष प्यारे लाल खैरा के बड़े भाई राजेंद्र वर्मा के निधन हो जाने पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाउपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। बैठक में मुख्य एजेंडा बूथ व सेक्टर प्रभारियों की समीक्षा हुई। और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार आगामी 9 अगस्त को समस्त विधान सभाओं में सेक्टर स्तर पर जन-पंचायत कार्यक्रम आयोजित कराने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी कांति सिंह पटेल, विधायक डॉ. आरके वर्मा, गुलफाम खान, जगदीश मौर्या, धीरज यादव, मनीष पाल, डॉ. रामबहादुर पटेल, आरके भीम, रमेश यादव, अहमद अली, सफात अहमद, इरफान खान, अरविंद यादव, अनिल यादव, भईया राम पटेल, निसार अहमद, अश्वनी सोनी, रामधन यादव, शिवबहादुर विश्वकर्मा, अंकुर मौर्या, जियाउल हक, सैफी सिद्दीकी, डाक्टर एजाज, रईस अहमद, राजकुमार प्रजापति, अमीरूल हक, इमरान खान, डाक्टर शेरबहादुर यादव, विवेक यादव, संतोष यादव, उमंग यादव, मीडिया प्रभारी वकार अहमद सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जनेश्वर मिश्र की फाइल फोटो।

# बराछा की गोशाला में फलदार वृक्षों का अध्यक्ष ने किया पौधरोपण

## गायों की पूजा कर खिलाया गया हरा चारा व गुड़

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के बराछा स्थित नगर पालिका की गोषाला में आज शनिवार को नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्षा प्रेमलता सिंह तथा अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने फलदार वृक्षों का पौधरोपण किया तथा गायों की पूजा अर्चना कर हरा चारा व गुड़ खिलाया।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गोषाला में पहुंचे नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व पूर्व अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने आम, जामुन, नींबू व अनार के पौधों का गौषाला परिसर में पौधरोपण किया। उसके बाद पूर्व अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने गायों की पूजा अर्चना की। इसके बाद हरिप्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ राम अचल कुरील ने गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया। बता दें कि गोषाला को हरा-भरा कर गायों को हरा चारा की व्यवस्था भी वहीं पर की गई है। इस अवसर पर नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेष बिंद, मिथिलेष सिंह, क्षेत्रीय सभासद आषीष जायसवाल, अवधेष व सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने भी वृक्षारोपण में हिस्सा लिया। बता दें कि वृक्षारोपण सप्ताह के अन्तर्गत जगह-जगह वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी के तहत आज शनिवार को बराछा की गोषाला में नगर पालिका द्वारा वृक्षारोपण के साथ गायों को हरा चारा उपलब्ध कराया गया।



गोशाला में गायों को हरा चारा खिलाते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

## वृहद वृक्षारोपण के लिए हुआ पौध वितरण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाकांकर के अवधेषपुरम् (ऐंठू) में बृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। पौध वितरण कार्यक्रम में फलदार जैसे आम, अमरूद, बेल, पपीता एवं जामुन तथा वानिकी में नीम एवं अशोक के पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डॉ0 रणजीत सिंह ने सर्वप्रथम कार्यक्रम में आये हुए लोगों का अभिवादन कर 11 पौधों का रोपण करके उसकी रक्षा करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मनीष सिंह, संग्राम सिंह एवं लाभार्थी किसान मनोज विश्वकर्मा, महेश यादव, सूरज सिंह, हेमराज, अरूण शुक्ला, रविशंकर, राम आसरे, जी.आर. पटेल, सीताराम, मस्तराम सरोज, प्रतिमा, क्रान्ति मौर्या, सदुल्ला, गीता, अनीता आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद् ने गुरुजन और छात्रों का किया सम्मान

## विशाल शाखा द्वारा आयोजित हुआ गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत विकास परिषद् शाखा विशाल द्वारा साकेत गर्ल्स इंटर कॉलेज में गुरु वंदन और छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न स्कूलों के गुरुजनों और छात्रों को शाखा द्वारा सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि हरि प्रताप सिंह अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् बेला प्रतापगढ़ ने दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। तत्पश्चात राष्ट्र गीत वंदेमातरम् समवेत स्वर में गायन हुआ। भारत विकास परिषद् का परिचय अध्यक्ष गिरजा शंकर मिश्रा ने दिया। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के बारे में संजीव आहूजा और राष्ट्रीय कार्यक्रम भारत को जानो के बारे में डॉ बृजभानु सिंह ने बताया। महिला संयोजिका श्रीमती कविता केसरवानी ने समूह गान के लिए बच्चों को प्रेरित किया। उदयभानु सिंह ने उपरोक्त कार्यक्रम किस किस महीने में शाखा द्वारा किया जाएगा इसके बारे में बताया। इस मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर एवं इंटर कॉलेज गड़वारा, साकेत गर्ल्स इंटर कॉलेज, न्यू एंजिल्स इंटर कॉलेज, श्री राम बालिका इंटर कॉलेज चिलबिला, जीपीएस पब्लिक स्कूल गोंड़े, वीएस मेमोरियल मीरा भवन, संगम इंटर नेशनल, कटरा, बीएस एस इंटर कॉलेज फुलवारी के गुरुजनों का उसी विद्यालय के छात्रों द्वारा आरती करने तथा तिलक लगाकर प्रणाम करने का कार्यक्रम करके गुरु वंदन की परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प कराया गया। वर्ष 2022-23 में कक्षा 10 की परीक्षा में अपने विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले तीन तीन छात्रों को शाखा की महिला सदस्यों बीना सिंह, पूनम केसरवानी, कविता केसरवानी एवं पूनम आहूजा ने मस्तक पर तिलक लगा कर अभिनंदन किया तथा सदस्यों एवं मुख्य अतिथि ने संयुक्त रूप से सम्मान पत्र दिया। मुख्य अतिथि हरि प्रताप सिंह तथा गिरजा शंकर मिश्रा एवं गोविन्द खण्डेलवाल द्वारा गुरुजनों का अंगवस्त्रम और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। हरि प्रताप सिंह ने कहा कि शाखा विशाल के लोग तन्मयता मनोयोग से समाज के हर वर्ग के लिए कार्य करते हुए संस्कृति एवं संस्कार को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। संचालन राजेश कुमार मिश्रा ने किया। अरविंद श्रीवास्तव ने आभार ज्ञापित किया। सचिव अश्विनी केसरवानी, उपाध्यक्ष शरद केसरवानी, क्षितिज श्रीवास्तव सक्रिय रहे।



गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

## किशोरी के अपहरण के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात के खिलाफ किशोरी के अपहरण के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के अमावां राजातारा निवासी पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दो अगस्त को उसकी पन्द्रह वर्षीया पुत्री घर से बाग की ओर गयी थी। वापस नही आने पर काफी खोजबीन की गयी लेकिन कोई सुराग नही लग सका। बाद में जानकारी हुई कि एक मोबाइल नंबर से अज्ञात आरोपी किशोरी से बातचीत करता था वही उसे बहलाफुसलाकर भगा ले गया। पीडिता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

# राहुल गांधी पर सुप्रीम फैसले से कांग्रेसियों ने मनाया जश्न, एक दूसरे का कराया मुंह मीठा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ के नेतृत्व में राहुल गांधी के मानहानि के केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी की लहर है। आंबेडकर चैराहे पर नारेबाजी करते हुए धूमधाम से पटाखा दगाया, एवम एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया गया।

मौके पर जुटे पार्टी नेता और कार्यकताओं के हाथों में राहुल गांधी की तस्वीर के साथ टाइगर इज बैक का पंपलेट अपने अपने हाथों में लेकर नारेबाजी करते हुए जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। राहुल गांधी के पॉलिटिकल करियर से बड़ा संकट टल गया है। आज हम सब के लिए खुशी का दिन है। सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि मामले में राहुल गांधी की दो साल की सजा पर रोक लगा दी है। ऐसे में उनके 2024 का चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। राहुल गांधी 2019 में केरल की वायनाड सीट से लोकसभा चुनाव जीते थे। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा की ये नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है। इस दौरान डॉ. प्रशांत देव शुक्ला, नगर अध्यक्ष इरफान अली, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, सेवादल जिलाध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, कपिल दिवेदी, राम शिरोमणि वर्मा, राम रतन तिवारी, अभय किशोर त्रिपाठी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सरोज कश्यप, कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, विजय शंकर त्रिपाठी, आशुतोष तिवारी, मोहम्मद इश्तियाक, सुमित तिवारी, सुनीता पटेल, राजेंद्र वर्मा, सोनी तिवारी समेत आदि लोग मौजूद रहे।



एक दूसरे का मुंह मीठा कराते कांग्रेसी।

# श्रद्धालुओं से भरी ऑटो लोडर हादसे में एक और महिला की मौत

## घटना से लालूपटटी व पूरे शिवावैश्य में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रद्धालुओं से भरी आटो लोडर हादसे मे गंभीर रूप से घायल महिला की मौत के साथ आंकडा तीन पहुंच गया। हादसे मे दो युवतियों की मौके पर मौत हो गयी थी। जबकि उन्नीस श्रद्धालु घायल हो गये थे। तीसरी मौत की जानकारी पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों से तहरीर नही मिलने पर आरोपित चालक को पुलिस ने हिरासत मे ले रखा है। हादसे मे जान गंवाने वाली दोनों किशोरियों की कोहराम के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया।संग्रामगढ़ के लालूपटटी गांव से श्रद्धालुओं से भरी आटो लोडर शुक्रवार को लालगंज कोतवाली के भेभौंरा गांव के समीप बेकाबू होकर पलट गयी थी। हादसे मे सीमा सरोज व कोमल सरोज की मौके पर मौत हो गयी थी। गंभीर रूप से तीन घायल महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जिला अस्पताल मे राजकली की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया था। जहां देर रात में राजकली की मौत हो गयी। परिजन शव लेकर घर पहुंचे तो जानकारी पर पहुंची पुलिस ने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर शिवावैश्य में कोमल सरोज का शव पोस्टमार्टम के बाद जब शुक्रवार की रात घर पहुंचा तो परिजनों मे कोहराम मच गया। यही हाल लालूपटटी मे भी सीमा का शव पहुंचने पर हुआ। परिजनो के आंसू थमने का नाम नही ले रहे थे। घटना के दूसरे दिन शनिवार को दोनों शवों का अंतिम संस्कार परिजनों ने कर दिया। लालूपटटी में राजकली के घर भी कोहराम मचा दिखा। राजकली की माली हालत बहुत खराब थी। वह झोपड़ी मे अपने बच्चों के साथ गुजर बसर करती थी। परिजन व रिश्तेदार उस झोपडीनुमा घर के सामने बैठकर देर शाम तक पोस्टमार्टम भेजे गये शव के घर आने का इंतजार करते दिखाई दिये। इधर जिस आटो लोडर से हादसा हुआ था उसका चालक पुलिस की हिरासत मे है। परिजनों की ओर से तहरीर नही दिये जाने से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस उहापोह की स्थिति मे है। कोतवाल अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि आरोपी चालक भी परिवार के सदस्यों का करीबी था। पीड़ित परिवार अभी चालक के खिलाफ कार्रवाई से हिचक रहा है। उन्हें कोतवाली बुलाया गया है। जिसके बाद चालक को लेकर कोई निर्णय लिया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने रानीगंज सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें

### आठ मामलों का मौके पर किया निस्तारण

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। रानीगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 155 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 155 शिकायतों में से 36 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 65, विकास विभाग से 23, शिक्षा विभाग से 02, स्वास्थ्य विभाग से 01 एवं 28 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये।

# इंडक्शन मीटिंग में सिखाई गई पढ़ाई की कला

## वाणिज्य संकाय में तैयार होगा सुसज्जित स्पोर्ट ग्राउंड

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज के जोगापुर स्थित वाणिज्य संकाय में छात्र-छात्राओं की इंडक्शन मीटिंग आज संपन्न हुई। बैठक में शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पैटर्न के बारे में विधिवत जानकारी दी तथा महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग करने की कला सिखाई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के क्रीड़ा अध्यक्ष एवं फुपुक्टा के महामंत्री प्रो प्रदीप कुमार सिंह ने कहा एमडीपीजी कॉलेज की खेल गतिविधियां विश्वविद्यालय ही नहीं अपितु राष्ट्रीय स्तर पर जानी-पहचानी जाती हैं। प्रतिवर्ष महाविद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करते हैं। महाविद्यालय में स्थापित इग्नू एवं राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र के माध्यम से विद्यार्थी रेगुलर पाठ्यक्रमों के साथ हीअन्य पाठ्यक्रमों की उपाधियां भी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जोगापुर परिसर को महाविद्यालय के सुसज्जित स्पोर्ट ग्राउंड के रूप में विकसित किया जाएगा जिसमें स्पोर्ट के सभी संसाधन उपलब्ध होंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ सी एन पांडे ने कहा कि कई वर्षों से एमडीपीजी के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी विश्वविद्यालय की श्रेष्ठता सूची में स्थान बनाते रहे हैं जो कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के अनुशासन एवं मेहनत का परिणाम है। डॉ पांडे ने परीक्षा पैटर्न एवं पाठ्यक्रम की विधिवत जानकारी विद्यार्थियों को दी। डॉ बलराज मिश्र ने वाणिज्य विषय की जीवन में उपयोगिता समझाई और कहा कि बीकॉम एवं एमकॉम का अध्ययन सेवा के साथ ही स्वरोजगार के लिए भी अत्यधिक उपयोगी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ मृदुल उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में डॉ आकांक्षा मिश्रा, विजय पांडे, सभाजीत यादव, अनाथ शेट्टी आदि उपस्थित रहे।



इंडक्शन मीटिंग में मौजूद अतिथिगण।

## पट्टी में दूसरे दिन भी तालाबंदी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** 56 गावों को लेकर सदर तहसील के गांव को जोड़ने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का गुस्सा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। प्रदर्शन के पहले दिन अधिवक्ता कार्य से विरक्त रहने वाले अधिवक्ता शनिवार को दूसरे दिन उग्र प्रदर्शन करते हुए तहसील गेट पर ताला जड़ कर भव्य नारा बाजी की और शासन को चेताया। अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर 56 गांव को फिर से पट्टी तहसील में नहीं जोड़ा गया तो उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा इस दौरान पट्टी तहसील के सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### करेंट लगने से महिला की मौत

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरौली की अनीता देवी पत्नी अशोक कुमार वा पुत्री आकांक्षा उम्र लगभग 2 वर्ष खाना-पीना करके घर पर सो रही थी बीती रात में अचानक बिजली का पंखा से करंट लगने से अनीता की मृत्यु हो गई सुबह दरवाजा न खुलने से पड़ोस के लोगों को बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी घर वाले और पड़ोस के लोगों ने दीवार के अंदर घुस कर देखा तो अनीता की मृत्यु हो गई थी मामले की सूचना पुलिस को दी गयी है।

### सरकारी भूमि पर पड़े मलवा को हटवाने की मांग

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के अहमदपुर पुरैनी उर्फ नौवापुर निवासी रामचरण पुत्र रोशनलाल ने तहसील समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के महेंद्र और सुखलाल ने सरकारी आराजी संख्या 969 में कब्जा कर लिया था शिकायत के बाद जिसको राजस्व प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है लेकिन तोड़े गए मकान का मलवा मौके पर पड़ा है जिससे अतिक्रमण करने वाला फिर कब्जा करने की योजना बना रहा है बीती रात टीन शेड डालकर उसने फिर कब्जा कर लिया गया है।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में झगड़ा एक पक्ष ने असलहे से की फायरिंग

**पुलिस को मामले को गंभीरता से लेना होगा यदि लापरवाही बरती गई तो भविष्य में बड़ी घटनाएं हो सकती है**

अखंड भारत संदेश



**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** जमीन का विवाद को लेकर कौशांबी थाना क्षेत्र के नैनुवा गांव में शुक्रवार को दो पक्षों में विवाद हो गया है देखते देखते दोनों पक्षों से लाठी डंडे निकल आए हैं जमकर गाली-गलौज हुई है बढ़ते विवाद के बीच एक पक्ष ने लाइसेंसी असलहे निकाल लिया है बताया जाता है कि विपक्षी के ऊपर हवाई फायरिंग की गई है हालांकि इस घटना में किसी को भी असलहे की गोली नहीं लगी है सभी सही सलामत है मामले की सूचना दोनों पक्षों ने थाना पुलिस को दी है। जानकारी के मुताबिक कौशांबी थाना क्षेत्र के नेनुवा गांव निवासी कंचन सिंह मनोज सिंह चंदन सिंह यादव आदि का जमीनी विवाद गांव के भानु प्रताप यादव पुत्र चमन सिंह यादव से चल रहा है जमीनी विवाद के चलते पहले भी कई बार झगड़ा लड़ाई हो चुका है शुक्रवार की दोपहर बाद लगभग 3:00 बजे दोनों पक्ष के लोग फिर आमने-सामने आ गए बीच बचाव करने महिलाएं भी बीच में आ गयी देखते-देखते गाली गलौज होने लगा एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी जाने लगी विवाद बढ़ता देख एक पक्ष ने लाइसेंसी असलहे निकाल लिए हालांकि दूसरे पक्ष के लोग भी लाठी डंडा लेकर लैस थे आरोप है कि जान से मारने की नियत से फायरिंग भी की गई है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दोनों पक्षों ने दी है दोनों पक्ष के विवाद की सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है पुलिस को मामले को गंभीरता से लेना होगा यदि लापरवाही बरती गई तो भविष्य में बड़ी घटनाएं हो सकती हैं।

### कालेज के नाम पर दर्ज जमीन पर दबंग प्रधान बना रहा आशियाना

**कौशांबी।** योगी सरकार ने मुहिम चला रखी है कि सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया जाए और अवैध अतिक्रमण पर चाहे जितनी बड़ी इमारत हो उसको गिरा दिया जाए पर यहां पर कौशांबी जिले के सिराथू नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 में हनुमान कॉलेज के नाम दर्ज जमीन जिसकी गाटा संख्या 2363 श्रेणी छा की भूमि दर्ज है उसी जमीन पर दबंग प्रधान अपना आशियाना बना रहा है उसका कहना है कि इस जमीन को हमने खरीदा है जबकि श्रेणी छह की जमीन खरीदी व बेची नहीं जा सकती उसके पास कोई बैनामा नही है ना कोई लिखित कागज है फिर भी अधिकारियों को गुमराह कर रहा है यदि जांच हो जाए तो दबंग प्रधान के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती और मकान भी गिर सकता है। इस बावत जब नगर पंचायत अधिकारियों कर्मचारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इसकी जांच कराई गई है यह गलत तरीके से बनाया जा रहा था जो अभी रोक दिया गया है। इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी अब देखना है कि अधिकारी योगी सरकार के आदेश को मानते हैं कि केवल कार्यवाही के ड्रामे तक ही नगर पंचायत सिराथू सीमित रह जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### कालेश्वर कुबरी गंगा घाट में नदी से बाहर निकला मगरमच्छ



**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कालेश्वर कुबरी गंगा घाट के बीच मे सूखे स्थान पर शनिवार की सुबह मगरमच्छ दिखाई पड़ने से हड़कंप मच गया है क्षेत्र के लोग सावन मलमास के महीने के चलते कालेश्वर कुबरी घाट गंगा स्नान करने गए थे गंगा नदी की मुख्य धारा दो हिस्से में बटी है बीच हिस्से में सूखा है गंगा स्नान करते वक्त लोगों ने देखा कि नदी के बीच सूखे हिस्से में मगरमच्छ दिखाई पड़ रहा है मगरमच्छ दिखाएं पड़ने से गंगा स्नान कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया है लोगों के अंदर भय व्याप्त हो गया है भक्त गंगा स्नान करने से डर रहे हैं कालेश्वर कुबरी गंगा घाट में गंगा नदी के पानी से बाहर निकलकर मगरमच्छ बैठने की जानकारी जंगल की आग की तरह चारों ओर फैल गई मामले की जानकारी पुलिस के साथ अन्य अधिकारियों को भी लोगों ने दी है।

### नेफेड के सहयोग से भरवारी मंझनपुर में सांसद विनोद सोनकर ने बेचा सस्ता टमाटर



**भरवारी कौशाम्बी।** नेफेड के सहयोग से सरकार आम जनता को सस्ते दर पर टमाटर देने का प्रयास कर रही है नेफेड द्वारा अनुदान में दिए जाने वाले टमाटर की बिक्री करने भरवारी मंझनपुर बिक्री स्थल के मौके पर सांसद विनोद सोनकर भी पहुंचे हैं मंझनपुर भरवारी सहित कई स्थानों पर 70 रुपए किलो टमाटर की बिक्री की गई है बताया जाता है कि भरवारी कस्बा के मेहता रोड में 650 किलो टमाटर 70 रुपए किलो पर बिक्री किया गया है टमाटर बिक्री के समय मंझनपुर में मारामारी मची रही तमाम लोगों ने सस्ते टमाटर बिक्री में पहचान पहचान कर टमाटर दिए जाने का आरोप लगाया है।

### अभिभावक वा शिक्षक वह कड़ी है जिनके बिना बच्चों का विकास असंभव है : प्रबंधक




**हर्रायपुर कौशाम्बी** एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य महेश कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावक व शिक्षक वह कड़ी है जिनके बिना बच्चों का विकास असंभव है।उन्होंने कहा कि बच्चों को समय दें तभी उनका विकास होगा विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे कच्चे घड़े के समान होते हैं इन्हें जैसे बनाओगे वे वैसे बनेंगे तथा अभिभावकों को विद्यालय के नियमों से अवगत कराया इस मौके पर अनीता कुमारी ,राधा रानी, सरोज अग्रवाल, दीपिका कुमारी ,आकांक्षा, ज्योति सिंह, शिवानी यादव ,रत्ना केसरवानी ,सुनील दत्त ,मनीलाल ,राम नरेश यादव, अभिषेक , जितेंद्र कुमार,आर एन आई बी सिंह ,राजू सेन ,मुन्नी देवी ,रोशन लाल आदि लोग मौजूद रहे।

# कौशाम्बी पुलिस की बदमाशो से हुई मुठभेड़

**मुठभेड़ में एक पशु तस्कर पुलिस गोली से हुआ घायल**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई है घटना चरवा थाना क्षेत्र की है पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया है इलाज के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है और हिरासत में ले लिया है बदमाश के पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ है बताया जाता है कि पकड़े गए बदमाश पर पहले से 14 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के गुंगवा बाग के पास शुक्रवार की आधी रात को चरवा थाना पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई है पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की जिससे बदमाश को गोली लग गई मौके पर पहुंचते ही पुलिस ने देखा कि बदमाश के पैर से खून निकल रहा है उसके पैर में गोली लगी है पुलिस ने बदमाश की गिरफ्तारी करते हुए उसे थाने ले कर आई पूछताछ करने पर पता चला कि यह इलाके का चर्चित बदमाश फिरोज है लिखा पढ़ी करने के बाद घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है बताया जाता है कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए बदमाश फिरोज पर पहले से 14 से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं पुलिस सूत्रों ने बताया कि फिरोज लंबे समय से पशु तस्करी के धंधे में लिप्त है एक दिन पहले पुलिस टीम पर इस पशु तस्कर ने फायरिंग की थी, पशु तस्कर की गोली से सरकारी जीप का बोनट फट गया था,जिसे पुलिस तलाश कर रही थी शुक्रवार की देर रात गस्त के दौरान चरवा पुलिस से इसकी मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ के दौरान घायल बदमाश को पुलिस ने कब्जे में लेकर जब तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ है।

# टाण्डा में ग्राम चौपाल लगाकर सीडीओ ने सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने शुक्रवार को विकास खण्ड-कड़ा के ग्राम पंचायत-टाण्डा में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम चौपाल में मुख्यमंत्री बाल सेवा येजना के बारे में ग्रामवासियों को विस्तार से जानकारी दी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी कड़ा को इसका वृहद प्रचार-प्रसार कराकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दियें। उन्होंने बताया कि ग्राम पचांयत टाण्डा विकास खण्ड कड़ा में 1005 गोल्डेन कार्ड बनवाया जाना था, जिसके सापेक्ष अभी तक मात्र 325 ही आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बने है, इस खराब प्रगति पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पंचायत सहायक, ऑगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। ग्राम चौपाल में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं-मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, परिवारिक लाभ योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन, विकलांग पेंशन व वृद्धावस्था पेंशन के बारे में जानकारी दी गयी तथा अभ्युदय योजना के अन्तर्गत संचालित निःशुल्क कोचिंग में बालक बालिकों को पढ़ायी के लिए स्कूल भेजने के बारे में भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी गयी। चौपाल कार्यक्रम में सुखराज उपायुक्त स्वतः-रोजगार रवि शंकर द्विवेदी जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी कड़ा, बाल विकास परियोजना अधिकारी कड़ा, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) विकास खण्ड कड़ा आदि उपस्थित रहें तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय टाण्डा में पौधारोपण किया और परिषदीय विद्यालय की 02 छात्रायें रूचि व आयुशी से भी पौधारोपण का कार्य कराया।

### दो छात्राओं के साथ मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय टाण्डा में किया पौधारोपण



# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभाओं के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय द्वारा उदयन सभागार में अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत विधानसभाओं के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं सम्बंन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01-01-2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की विधानसभाओं के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों का सम्भाजन 1500 मतदाताओं के आधार पर कराया जाना है। शहरी क्षेत्रों में जहाँ नयी आवासीय कालोनियॉ गत कुछ वर्षों में बनी हैं और उसमें नागरिक निवास करने लगे हैं तो वहाँ पर आवश्यकता अनुसार नया मतदेय स्थल बनाया जायेंगा। अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को उसी मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपलब्ध स्थाई भवन में स्थानान्तरित किया जायेंगा। अस्थाई निर्माण वाले मतदेय स्थलों को उसी मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपलब्ध स्थाई भवन में स्थानान्तरित किया जायेंगा। ऐसे मतदेय स्थलों को जो मुख्य मार्ग/बस्ती से पर्याप्त दूरी पर है, उन मतदेय स्थलों को यहाँ से हटाकर मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत किसी सुविधाजनक भवन में स्थापित किया जायेंगा तथा यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेंगा कि मतदेय स्थल की दूरी 02 किमी0 से अधिक न हो। जिन मतदेय स्थलों के भवन पुराने व जर्जर नही है तथा जहाँ मतदाताओं को 02 किमी0 से अधिक दूरी चलने की आवश्यकता नहीं है, ऐसे मतदेय स्थलों की स्थिति में परिवर्तन नही किया जायेंगा। सभी मतदेय स्थलों के भवनों को यथासम्भव भूतल पर होना सुनिश्चित किया जायेंगा। किसी भी राजनैतिक दल अथवा लेबल यूनियन के कार्यालय से 200 मीटर के अन्दर कोई भी मतदेय स्थल नहीं बनाया जायेंगा। जनपद में सम्मिलित 251-सिराथू, 252-मंझनपुर (अ0जा0) 253-चायल विधान सभाओं के मतदेय स्थलों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 08-08-2023 को कराया जायेंगा अपर जिलाधिकारी ने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि सम्भाजन के सम्बन्ध में यदि कोई सुझाव/ प्रस्ताव हो तो सम्बन्धित एसडीएम/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में अविलम्ब उपलब्ध करा दिया जाय।

# एन डी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज भरवारी में आयोजित हुआ बैज अलंकरण समारोह

अखंड भारत संदेश

### स्टूडेंट काउंसिल का हुआ गठन



**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित एनडी कान्वेंट कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में दिनांक 5 अगस्त 2023 को वैजअलंकरण समारोह आयोजित किया गया जिसकी मुख्य अतिथि संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार थी संस्थान में आयोजित यह भव्य कार्यक्रम बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न हुआ बच्चों के अंदर उत्साह और उमंग दिखाई दे रहा था इस बैज अलंकरण समारोह में हेड ब्वॉय गौरव शर्मा क्लास ट्वेल्थ यूपी, हेड गर्ल स्मृति शुक्ला ट्वेल्थ सीबीएसई, एक्टिविटी कैप्टन बॉयज अमन वर्मा 11 वी सीबीएसई, एक्टिविटी कैप्टन गर्ल रोजी ट्वेल्थ सीबीएसई, स्पोर्ट्स कैप्टन बॉयज मनीष सोनकर यूपी 12 वी यूपी स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल जानवी वर्मा ट्वेल्थ सीबीएसई ,डिसिप्लिन कैप्टन बाय इंद्रजीत दिवाकर ट्वेल्थ सीबीएसई, डिसिप्लिन कैपिटल शांभवी सिंह 12 सीबीएसई, रेड हाउस कैप्टन बॉयज शिखर केसरवानी 11 सीबीएसई, रेड हाउस कैप्टन अंशिका इलेवंथ यूपी रेड हाउस प्रीफेक्ट हर्षित 10 सीबीएसई, मानसी मिश्रा 11 सीबीएसई,अच्युत पांडे 10 सीबीएसई ,ब्लू हाउस कैप्टन बॉयज आलोक केसरवानी इलेवंथ सीबीएसई ब्लू हाउस कैप्टन गर्ल मुस्कान मिश्रा 11 सीबीएसई प्रीफेक्ट ब्लू हाउस साहित्य मिश्रा10 वी सीबीएसई, प्रियांशी केसरवानी 11 वी सीबीएसई ,रितेश 10 वी सीबीएसई ग्रीन हाउस कैप्टन बॉयज ऋषभ सिंह ट्वेल्थ यूपी ग्रीन हाउस कैप्टन गर्ल प्रियांशी सोनी ट्वेल्थ यूपी, प्रीफेक्ट वैष्णवी केसरवानी ट्वेल्थ सीबीएसई, दीपांशु मिश्रा नाइंथ यूपी ,मोहम्मद हुजैफ ट्वेल्थ यूपी येलो हाउस कैप्टन रोहित त्रिपाठी ट्वेल्थ सीबीएसई ,येलो हाउस कैप्टन गर्ल अंकिता केसरवानी ट्वेल्थ सीबीएसई सुजीत दिवाकर इलेवंथ सीबीएसई, दीपिका सिंह 12 वी यूपी तरुण राज कुशवाहा ट्वेल्थ यूपी को अलंकृत किया गया संस्थान के चेयरमैन पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि बैज अलंकरण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर जिम्मेदारी का अहसास कराना साथ ही साथ समाज एवं देश के प्रति कर्तव्यों का बोध कराना है हर व्यक्ति को शिक्षित होने का अधिकार है क्योंकि शिक्षा के माध्यम से ही सामाजिक विकास संभव है और कर्तव्यों का निर्वाह करना हर व्यक्ति का फर्ज होता है संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने सभी बैज अलंकृत छात्र एवं छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर मयंक मिश्रा प्रधानाचार्य सुशील त्रिपाठी रुखसार बद्री विशाल शुक्ला रंजीत सिंह सुमन कुशवाहा आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# डीएम एवं एसपी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल को चेक करने तथा शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतकर्ता से भी वार्ता कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर न होने पाये, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। समाधान दिवस में दिनेश कुमार पासी, निवासी वार्ड नं0-01 दारानगर-कड़ाधाम ने प्रार्थना देकर मत्स्य पालन के लिए पट्टे की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सिराथू को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता सोना देवी निवासिनी ग्राम-कसिया द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनके घर के पास पानी निकासी के लिए बनी पुलिया को गांव के ही कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा बन्द कर दिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को मौके पर जाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दियें सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिराथू में कुल 91 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील मंझनपुर में कुल 41 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 03 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 37 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 03 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सौम्य मिश्र एवं तहसीलदार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पीएम आवास योजना में धांधली की तहसील दिवस में शिकायत

**चायल कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के छोटी मौली गांव की निवासी सरोजिनी पत्नी सरोज कुमार ने तहसील समाधान दिवस में पहुंचकर अधिकारियों को बताया कि वह बेहद गरीब महिला है और पात्रता सूची में उसका नाम दर्ज है प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने के बाद जिला नगरीय विकास अभिकरण मंझनपुर के कर्मचारियों द्वारा गलत तरीके से उसका नाम प्रधानमंत्री आवास सूची से हटा दिया गया है जिससे उसे प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिल सका है महिला ने अधिकारियों को बताया कि डूडा के लोगों की वह मुराद नहीं पूरी कर पा रही है जिससे पात्र होने के बाद भी उसे अपात्र घोषित कर दिया गया है महिला का कहना है कि उसके पास आवास ना होने से बरसात के दिनों में रहने में दिक्कतें हो रही हैं महिला ने पीएम आवास दिलाए जाने की मांग की है।

# कमीशन खोरी को लेकर पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के बीच खिंची तलवारें

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड चायल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रैया देह माफी से मामला सामने आया है जहां के ग्राम प्रधान कमीशन खोर ग्राम विकास अधिकारी के उत्पीड़न व टार्चर से परेशान हो कर खण्ड बिकास अधिकारी के पास पहुचे है पंचायत सचिव नरेगा के कामों में 5 प्रतिशत कमीशन मांग रहा है जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान रैया देह माफी ने खण्ड विकास अधिकारी से करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश सोनी आए दिन फोन करके व स्वयं मनरेगा में 5 प्रतिशत कमीशन की मांग करते हैं। जिससे ग्राम प्रधान परेशान हो चुके हैं, जब से ग्राम पंचायत रैया देह माफी में उनकी तैनाती हुई है। तब से आकर मेरे लोगों को भड़का कर विवाद खड़ा कर रहे है। कमीशन के कारण मेरे द्वारा दो कच्चे मार्ग जिसकी लम्बाई 500 गुणे 4 मीटर हैं। और तीन इंटरलॉकिंग कार्य का लेबर भुगतान करने में हीला हवाली करते हैं कार्य चल रहा है इसके बावजूद रोजगार सेवक को फोटो खींचने से मना कर दिया है। इस कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है इसी तरह ग्राम वित्त व केंद्रीय वित्त में स्कूल में भी तीन कार्य हुआ है उसमें भी 55 हजार 900 रूपए पार्टी को देना के बाकी है इसका भी भुगतान सचिव नहीं कर रहे हैं। साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम विकास अधिकारी को अपने गांव से हटाने की मांग रखते हुए खण्ड विकास अधिकारी से गुहार लगाई है।

### चकबंदी से मिले जमीन पर सेना के जवान को काबिज नहीं होने दे रहे दबंग

**चायल कौशांबी।** तहसील समाधान दिवस चायल में शिकायती पत्र देते हुए सेना के रिटायर्ड जवान आदित्य पुत्र राम सजीवन निवासी कोटिया ने बताया कि आराजी संख्या 1562 का वह स्वामी है जिसके बगल में पूर्व में चकरोड था चकबंदी के वक्त उसे विभाग ने जमीन नाप कर दे दी है और चकरोड कहीं अन्यत्र बना दिया है लेकिन गांव के भैरव छितानी अभिमन्यु आदि उसकी जमीन पर उसे काबिज नहीं होने दे रहे हैं रोज लड़ाई झगड़ा पर आमादा रहते हैं सेना के जवान ने अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

### तालाब पर दबंगों के कब्जे की शिकायत

**चायल कौशांबी।** तहसील समाधान दिवस चायल में मोहम्मदपुर असवा की उषा देवी पत्नी राममिलन ने शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के मसूरियादीन और प्रताप तालाब आराजी संख्या 845 में जबरिया निर्माण कर रहे हैं राजस्व लेखपाल की भूमिका सवालों के घेरे में है शिकायतकर्ता ने कहा कि तालाब के अवैध कब्जे को हटवाया जाए और कब्जा करने वाले पर कठोर कार्यवाही की जाए शिकायतकर्ता ने कहा कि उसी में ब्लेड वाली तार लगी हुई है जिससे जानवरों को पानी पीने में दिक्कत होती है।

## संपादकीय

# क्या राहुल गांधी संसद जा सकेंगे, क्या होगा उसका इंडिया पर असर?

**अशोक भाटिया**

**कांग्रेस ने**ता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत का पूरा मतलब स्पष्ट है । राहुल गांधी को दोषी करार देने वाले गुजरात की निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाए जाने से उनकी संसद सदस्यता बहाल किए जाने का रास्ता भी साफ हो गया है? यह सवाल इसलिए उठ रहा था क्योंकि राहुल गांधी की संसद सदस्यता 23 मार्च 2023 को निचली अदालत द्वारा 2 साल की अधिकतम सजा सुनाए जाने के कारण ही रद्द हुई थी लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने राहुल की दोष सिद्धि यानी दोषी करार दिए जाने पर ही रोक लगा दी है तो अब आगे का रास्ता क्या होगा?सुप्रीम कोर्ट के शुक्रवार के आदेश का मतलब यह है कि अब राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द किए जाने का वैधानिक आधार ही खत्म हो चुका है। ऐसा इसलिए क्योंकि मानहानि के मामले में दो साल की जेल की सजा सुनाए जाने की वजह से ही राहुल गांधी जन प्रतिनिधित्व कानून के दायरे में आए थे और उनकी संसद सदस्यता अपने आप समाप्त मान ली गई थी। 24 मार्च को लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी करके कहा था कि राहुल गांधी दोषी ठहराए जाने की तारीख यानी 23 मार्च 2023 से ही संसद सदस्यता के अयोग्य हो गए हैं।सुप्रीम कोर्ट ने अपने शुक्रवार के आदेश में भी इस बात का जिक्र किया है कि अगर लोअर कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल से एक दिन भी कम सजा दी होती तो उन पर जन प्रतिनिधित्व कानून लागू नहीं होता यानी उनकी संसद सदस्यता रद्द नहीं होती। संसद में उनकी अयोग्यता का आधार निचली अदालत द्वारा दोषी करार देकर दो साल की सजा सुनाया जाना था लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट ने दोष सिद्धि पर ही रोक लगा दी है तो सांसद के तौर पर उन्हें अयोग्य साबित करने का अब कोई आधार नहीं रह गया है। सुप्रीम कोर्ट ने लोक प्रहरी बनाम भारत सरकार के केस में 2018 में सुनाए गए अपने फैसले में कहा था कि अगर ऊपरी अदालत ने दोष सिद्धि पर स्टे लगा दिया तो ऐसी रोक लगाए जाने की तारीख से ही अयोग्यता का पुराना फैसला बेअसर हो जाएगा। इस फैसले को सामने रखकर देखें तो राहुल गांधी की संसद सदस्यता खारिज किए जाने का फैसला शुक्रवार 4 अगस्त 2023 से ही बेअसर हो जाना चाहिए। होना तो ऐसा ही चाहिए। हालांकि इससे पहले लोकसभा सचिवालय को राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने वाले पिछले नोटिफिकेशन को रद्द करना होगा। इसके साथ ही सांसद के तौर पर राहुल गांधी को मिलने वाली सुविधाएं और विशेषाधिकार भी बहाल हो जाएंगे। गौरतलब है कि संसद सदस्यता खत्म होने के बाद राहुल गांधी से उनका बंगला भी खाली करवा लिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब राहुल गांधी के लोकसभा क्षेत्र वायनाड (केरल) में उप-चुनाव कराए जाने का कोई आधार नजर नहीं रह गया है। लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल गांधी को अयोग्य ठहराने वाले नोटिफिकेशन को भले ही अब तक औपचारिक रूप से रद्द नहीं किया है लेकिन सुप्रीम कोर्ट की रोक ने सांसद के तौर पर उनकी अयोग्यता के आधार को खत्म कर दिया है। ऐसे में वायनाड की लोकसभा सीट पर दोबारा चुनाव कराए जाने का कोई औचित्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने अपने ताजा आदेश में भी कहा है कि राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने का व्यापक असर सिर्फ उनके सार्वजनिक जीवन पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि इससे उनके चुनाव क्षेत्र के मतदाताओं के अपना प्रतिनिधि चुनने के अधिकार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने विपक्षी गठबंधन कठ.ऊकअ में भी हलचल मचा दी है। अब तक विपक्ष में प्रधानमंत्री पद का चेहरा तय नहीं हो सका है। कॉमन मिनिमम प्रोग्राम भी तय नहीं हुआ है। मुंबई में विपक्ष की तीसरी बड़ी बैठक होनी है। इसमें गठबंधन के संयोजक की नियुक्ति के लिए 11 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया जाना है। इसी बैठक में अलग - अलग मुद्दों के समाधान के लिए विशिष्ट कमेटी गठित होगी। राहुल गांधी मामले में गुजरात हाई कोर्ट से राहत ना मिलने से कांग्रेस भी पीएम फेस को लेकर ज्यादा तवज्जो नहीं दे रही थी। गठबंधन को लेकर फॉमूर्ले और समझौते के लिए भी पीछे हटते नहीं दिख रही थी लेकिन, अब सुर और ताल दोनों में बदलाव देखे जाने की संभावना बढ़ गई है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A को लेकर नए सिरे से रणनीति बना सकती है। बेंगलुरु की बैठक में ममता बनर्जी ने पीएम फेस के लिए राहुल गांधी का नाम आगे बढ़ाया था। ममता ने कहा था कि राहुल हमारे पसंदीदा नेता हैं हालांकि, तब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह कहते हुए टाल दिया था कि कांग्रेस को सत्ता का लोभ नहीं है। अब चूंकि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है तो कांग्रेस भी एक्टिव हो गई है। यही वजह है कि रउ के फैसले के कुछ देर बाद ही लोकसभा में नेता विपक्ष अधीर रंजन चौधरी शुक्रवार को स्पीकर के पास पहुंच गए और राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल करने की मांग की। स्पीकर ने आश्वासन दिया है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद निर्णय लिया जाएगा। वहीं, विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों की बात करें तो राहुल गांधी को लेकर कुछ सदस्यों में स्वीकार्यता नहीं देखी जाती रही है। जून में पटना की बैठक हो या जुलाई में बेंगलुरु की मीटिंग में निजी तौर पर कई विपक्षी नेता राहुल को एकजुट विपक्ष के चेहरे के रूप में पेश करने से सावधानी बरतते दिखे हैं। खुद ममता बनर्जी की पार्टी के नेताओं के बयान देकर माहौल में सरगर्मियां बढ़ाई हैं। इतना ही नहीं, राहुल के बयानों से भी I.N.D.I.A में शामिल दलों ने खुलकर आपत्ति जताई है। महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी वीर सावरकर को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी के स्टैंड पर ऐतराज जता चुकी है। हाल ही में उद्धव ठाकरे ने तो यहां तक कह दिया था कि अगर राहुल गांधी इसी तरह सावरकर का अपमान करते रहे तो विपक्ष की एकता में दरार आ जाएगी जबकि कांग्रेस लगातार राहुल गांधी की छवि चमकाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

# मोदी के धार्मिक दंगों पर न बोलने का रहस्य?

**राज सक्सेना**



**प्रधानमंत्री** मोदी पर वैसे तो उनके विरोधी आरोपों की झड़ी लगाये रखते हैं। भद्दी भद्दी बातें भी करते हैं और कहते हैं कि मोदी राज में बोलने की आजादी नहीं है। उनके मरने के खुले आम नारे लगाते हैं और कहते हैं कि अघोषित इमरजेंसी लगी है। लालू जैसे अनेक अपराधी सजा हो जाने के बाद भी जेल के बजाय घरों पर आराम कर रहे हैं मगर मंचों पर चिल्लाते हैं कि मोदी ने न्यायपालिका सहित सारे संस्थान अपने कब्जे में ले रखे हैं। देश का बहुसंख्यक समाज भी चिल्लाता है कि मोदी उसके पक्ष में कभी नहीं बोलते, हमेशा अल्पसंख्यकों के विकास की बात करते हैं? अपने गठन के समय से ही और उससे पूर्व से भी अलग अलग राजनैतिक दलों की इकाई के रूप में आइएनडीआइए गठबंधन जोर शोर से इस बात को उठा कर मुद्दा बनाता रहा है कि किसी भी गंभीर मुद्दे पर विशेषकर धार्मिक दंगों जैसे संवेदनशील मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी कुछ नहीं बोलते? या फिर बोलते भी हैं तो एकाधेक मिनट बोलकर मामले की गंभीरता को कम करने का प्रयास करते हैं।

वर्तमान में भी मणिपुर दंगे को लेकर इण्डिया गठबंधन ने संसद में कोहराम मचा रखा है। संसद को चलने नहीं दिया जा रहा है। कुल मिलाकर दोनों सदनों में अराजकता की स्थिति पैदा हो चुकी है।

सोने पर सुहागा यह कि अब हरियाणा के नूह जिले में हुए शिवार्चन यात्रा पर पथराव और गोलीबारी के साथ वाहनों में की गयी भयंकर आगजनी के अलावा दो पुलिस वालों और चार नागरिकों की मृत्यु और कई पुलिसकर्मियों के अस्पताल में इलाज हेतु गम्भीर दशा में भर्ती होने के प्रकरण को लेकर विपक्षी नेता जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। उसे किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता है। अब गठबंधन के नेताओं की अगली मांग यह हो सकती है कि मोदी इस प्रकरण में बयान दें। इस मांग को लेकर फिर गठबंधन सामूहिक रूप से या अलग अलग घटकरूप में फिर अराजकता की स्थिति पैदा करने का प्रयास करेगा?।

विपक्षी दल और इण्डिया गठबंधन स्पष्ट रूप से जानता है कि मोदी प्रधानमंत्री के एक ज़िम्मेदार पद पर बैठे हुए हैं। उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि देश के हरेक नागरिक को समान दृष्टि से देखें, चाहे वह उन को वोट करता हो या ना करता हो। उनके ऊपर अंतरराष्ट्रीय दबाव भी होता है। पूरे विश्व की विभिन्न विचार धाराओं और असमानताओं से तालमेल रखकर और उनमें सामंजस्य रख कर चलना पड़ता है ताकि हमारी विदेश नीति मजबूत रहे, हम एक छोटी सी गलती करते हैं तो, अंतर्राष्ट्रीय खबर बना दी जाती है, ये हम ने देखा, महसूस किया है।

इधर बहुसंख्यक समाज को यह शिकायत है कि मोदी जी कभी उनके पक्ष में एक शब्द भी नहीं बोलते। आपही सोचिये राष्ट्राध्यक्ष के रूप में उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वे राष्ट्र के हर समाज से समान व्यवहार मनसा, वाचा, कर्मणा करते दिखायी दें। वे जब तक पद पर है एकतरफा होकर चल भी नहीं सकते। ये कभी भी मत समझिए कि आप अकेले हैं, जहां तक सम्भव होता है प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से मोदी जी आपके साथ खड़े हैं। समाज के हर पक्ष के साथ खड़े हैं।

मैं समझता हूं हम लोग छोटी से छोटी बातों में भी अपनी अपनी मनचाही ढूंढने लगते हैं, भारत के बहुसंख्यक समाज में यह मूल कमी है कि वह स्वयं तो कुछ करना नहीं चाहता अपितु सरकार से यह अपेक्षा करता है कि वह उसके बाथरूम के दरवाजे पर भी रक्षक बन कर खड़ी रहे। वह कभी नहीं चाहता कि भगत सिंह उसके घर पैदा हो। उसकी वांछना होती है कि पड़ोसी के घर पैदा हो और उसकी प्राण देकर भी रक्षा करे। आपको यह नहीं भूलना चाहिए कि यह व्यक्ति आपका और हमारे बच्चों का भविष्य बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहा है। सही बात तो यह है कि बहुसंख्यकों की कायरता और क्षणे तुष्टा, क्षणे रुष्टा की आदत के कारण मोदी खुल कर नहीं बोलते हैं। वो जानते हैं कि हिन्दू पैर पर कुल्हाड़ी नहीं मारता बल्कि कुल्हाड़ी पर अपना सिर मार लेता है। एक उदाहरण ही काफी होगा। नब्बे के दशक में कल्याण सिंह पहली बार उप्र के मुख्यमंत्री बने, भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर को लेकर पूरे भारत में रथ यात्राएं निकाली थी। उत्तर प्रदेश की जनता ने पूर्ण बहुमत के साथ कल्याण सिंह को उप्र की सत्ता दी। जनादेश दिया कि जाओ मंदिर बनाओ। कल्याण सिंह बहुत ही भावुक नेता थे। सरकार बनने के तुरन्त बाद विश्व हिन्दू परिषद को बाबरी मस्जिद से सटी हुई जमीन कारसेवा के लिए दे दी, संघ के हजारों कार सेवक, साधू संत दिन रात भूमि समतलीकरण में लग गए। सुप्रीम कोर्ट यह सब देख कर बहुत परेशान था। सर्वोच्च न्यायालय ने कल्याण सिंह से साफ कह दिया कि, आपको पक्का यकीन हैं न ये नेकर पहने लोग, सिर्फ यहाँ की जमीन समतल करने आये हैं, मतलब कि आपके लोगों ने यदि बाबरी मस्जिद को हाथ भी लगाया तो अच्छा नहीं होगा। कल्याण सिंह ने कोर्ट को समझाया और बाकायदा लिखकर एक हलफनामा दिया कि हम लोग सबकुछ करेंगे पर मस्जिद को हाथ नहीं लगायेंगे?।

आज हम उलाहना देते हैं कि मोदी हिंदुओं के पक्ष में खुल कर नहीं बोलते, न खुल कर अल्पसंख्यकों का विरोध करते हैं। क्यों करें वे ये सब खुल कर, ताकि उनका भी राजनैतिक कैरियर खत्म हो जाये, आप ही बताये ऐसे स्वार्थी बहुसंख्यक समाज के पक्ष में मोदी जैसे लोग खुलकर कैसे बोलें, क्या बोले और कहाँ तक इनके लिए लड़े। अब तथाकथित किसान आंदोलन को ही देख लीजिए किस तरह पूरा आंदोलन अंतरराष्ट्रीय साजिश के हाथों में कब्जे में था जिसको कोई हल नहीं चाहिये था, कोई धारा 370 खत्म कर सकता था नहीं बिलकुल नहीं, मोदी ने कर दिखाया उसके बाद तो हिन्दू समाज को ऋणी होना चाहिए था, लेकिन देख लो किस प्रकार से मोदी का विरोध हो रहा है, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक में कांग्रेस ने सरकार बना ली, बहुसंख्यकों के लिए काम करो सत्ता से बेदखल हो जाओ। बहुसंख्यकों के सर पर पैर रखो और सत्ता पाओ, इतिहास तो यही कहता है।

आज हमें सोचना होगा कि आखिर हम कर क्या रहे हैं और चाहते क्या हैं। आज लड़ाई सिद्धांतों की है। मुफ्तखोरी की नहीं?। 24 के निर्वाचन में अगर सत्ता मोदी के हाथ से गयी तो बहुसंख्यक समाज को शरणार्थी कैम्पों में रहने को तैयार रहना होगा। वहां सब कुछ मुफ्त में मिलेगा। फैसला हमें करना है, बहुसंख्यक समाज को करना है कि उसे मेहनत से कमा कर खाना है या फिर मुफ़्त की रेवड़ियां खानी हैं।

# संकल्प से सिद्धि की ओर भारतीय अर्थव्यवस्था

**अरविंद जयतिलक**

**गत** दिवस पहले दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया कि उनके थर्ड टर्म में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की टॉप तीन अर्थव्यवस्थाओं में शुमार होगी। प्रधानमंत्री का यह भरोसा और आत्मविश्वास भारतीय अर्थव्यवस्था के संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ते कदम को ही रेखांकित करता है। देखा भी जाए तो उनके नौ साल के कालखंड में ही भारत दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश का तमगा हासिल कर चुका है। 2014 से पहले औंधे मुंह पड़ी विकास दर, कमरतोड़ महंगाई और उत्पादन में कमी से निपटते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मैक्रो-इकनॉमिक फंडामेंटल्स को मजबूत करते हुए अर्थव्यवस्था को नई उर्जा और ऊंचाई दी है। आज उसी का परिणाम है कि भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है। ब्लुमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने ऊंची छलांग लगायी है और जीडीपी 13.5 फीसद की दर से आगे बढ़ी है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रुप में उभर सकता है। गौर करें तो 2014 में भारत आर्थिक रुप से दसवें पायदान पर था। लेकिन उपभोक्ता खर्च में आई तेजी, घरेलू स्तर पर बढ़ी मांग और सेवा क्षेत्र में लगातार विस्तार ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नए मुकाम पर पहुंचा दिया है। आज भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आज भारत में सबसे ज्यादा स्मार्टफोन डेटा उपभोक्ता हैं। सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है। भारत तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। इनोवशन इंडेक्स में भारत की रैंकिंग लगातार सुधर रही है। देश में यनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआइ के जरिए लेन-देन बढ़ा है। एसबीआई के इकानॉमिक रिसर्च डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक यूपीआइ लेन-देन की मात्रा वित्त वर्ष 2023 में 8.375 करोड़ हो गयी है। यूपीआइ से इसी अवधि में 6,947 करोड़ से बढ़कर 139 लाख करोड़ हो गया है। विनिर्माण क्षेत्र में ग्रोथ से भारत के निर्यात में भी लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। 50 लाख करोड़ का समान विदेश निर्यात किया गया है। बीते नौ वर्षों में 110 अरब डॉलर से ज्यादा की नई कंपनियां अस्तित्व में आई हैं। आज इनका मूल्य 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक है।

यह संकेत भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था की संभावना को पुख्ता करता है। माना जा रहा है कि आर्थिक सुधारों और कारोबारी सुगमता के कारण 2023-24 में 100 अरब डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आ सकता है। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकार लगातार कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है। 2014 से पहले कृषि क्षेत्र में आवंटन 25 हजार करोड़ रुपए का था। आज यह बढ़कर एक लाख पच्चीस हजार करोड़ रुपए हो गया है। केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र के ढांचागत विकास के लिए आने वाले पांच वर्षों में 25 लाख करोड़ रुपए निवेश का खाका तैयार की है। सरकार की मंशा इस निवेश के जरिए सिंचाई के साधन, मंडियों की स्थापना, पोल्ट्री, डेयरी व अन्य उत्पादों के कोल्ड स्टोरेज, ढुलाई और मंडी के ढांचे को मजबूत करना है। अगर यह योजना मूर्त रुप लेती है तो किसानों की आमदनी बढ़ेगी और कृषि में नुकसान का जोखिम कम होगा। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद कृषि क्षेत्र में आमूलचुल परिवर्तन का युग प्रारंभ हुआ है। सरकार ने देश का भाग्य संरचनात्मक रुप से कृषि और किसानों से जोड़ा है और उसके सकारात्मक परिणाम मिलने-दिखने शुरू हो गए हैं। मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागत के मुकाबले डेढ़ गुना कर किसानों के हित में ऐतिहासिक फैसला लिया। नतीजा आज भारत पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2019 में भारत को 5000 अरब डॉलर यानी पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था और वैश्विक आर्थिक ताकत बनाने की परिकल्पना की थी। उस समय तमाम आर्थिक विश्लेषकों ने इस परिकल्पना के लक्ष्य पर सवाल उठाया था। याद होगा तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र और सांस्कृतिक नगरी वाराणसी में पांच लाख करोड़ (पांच ट्रिलियन) की अर्थव्यवस्था की क्षमता पर शक करने वाले लोगों को पेशेवर निराशावादी की संज्ञा देते हुए भरोसा जताया कि उनकी सरकार लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह उनकी सरकार गत वर्षों में अर्थव्यवस्था को दो ट्रिलियन की ऊंचाई दी है उसी तरह अगले आने वाले वर्षों में पांच ट्रिलियन का लक्ष्य पूरा करेगी।

यहां ध्यान देना होगा कि वर्ष 2019 में संपूर्ण विश्व कोरोना महामारी की चपेट में आ गया था। दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाएं बेपटरी हुई और भारत के लिए भी चुनौती बढ़ी। ऐसे में इस लक्ष्य को हासिल करना बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को साधने के लिए कुछ अहम कदम उठाने होंगे। मसलन, विकास दर की रफ्तार 12 फीसदी करने के साथ-साथ जीडीपी में 17 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले कृषि क्षेत्र जो कि 50 फीसद श्रमशक्ति को रोजगार देता है, की सेहत सुधारनी होगी। भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज गति की राह में कच्चे तेल के आयात में अत्यधिक डॉलर के भुगतान को कम करना होगा। ज्यादा भुगतान पांच ट्रिलियन के लक्ष्य को साधने में बड़ा रोड़ा है। इसके लिए भारत सरकार को कच्चे तेल के आयात पर से निर्भरता घटानी होगी। अगर इसे मूर्त रुप दिया गया तो फिर भारत के लिए पांच ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को हासिल करना कठिन नहीं रह जाएगा। इसलिए कि चालू वित्त वर्ष के बजट में पूंजीगत खर्च पर जोर से घरेलू विनिर्माण को गति मिली है। कर राजस्व संग्रह में इजाफा हुआ है। महंगाई में कमी आयी है और बेरोजगारी दर घटा है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उचित कहना है कि पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब जनभागीदारी बढ़ेगी। यानी उन्होंने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए जनता विशेष रुप से ग्रामीण जनता का आह्वान किया है। इसलिए, कि जीडीपी ग्रोथ तभी दिखेगी जब ग्रामीण भारत की आय में वृद्धि होगी। ग्रामीण भारत की आय बढ़ाने के लिए सरकार को कृषि के साथ-साथ बागवानी और मत्स्य पालन जैसे परंपरागत कार्यों पर फोकस बढ़ाना होगा। अगर ग्रामीण युवा बागवानी और मत्स्य पालन में अपने भविष्य को संवारते हैं तो जीडीपी ग्रोथ का बढ़ना तय है। उचित होगा कि सरकार बागवानी और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण और शैक्षिक कार्यक्रम चलाए। एनुअल स्टेट ऑफ रिपोर्ट-2017 में कहा जा चुका है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा के विशेष अवसर उपलब्ध कराना चाहिए ताकि कृषि के साथ-साथ उससे जुड़ी अन्य बुनियादी ढांचे का निमार्ण तेजी और सहजता से हो सके। ध्यान देना होगा कि अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर जीडीपी ग्रोथ के लक्ष्यों को हासिल किए बिना 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था संभव नहीं है। इसके लिए सभी क्षेत्रों में आवंटन पर जोर देना होगा। इसमें शिक्षा और स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण क्षेत्र है। सरकार को औद्योगिक विकास की गति तेज करने के लिए खनन क्षेत्र और बिजली उत्पादन में जबरदस्त सुधार करने की जरुरत है। सरकार को ध्यान रखना होगा कि पांच ट्रिलियन के लक्ष्य हासिल करने के लिए रोजगार बढ़ाने पर काफी जोर देना होगा। बेरोजगारी अर्थव्यवस्था की राह में रोड़ा है। सरकार को सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार का सृजन करना होगा। अर्थव्यवस्था को डिजिटल करने के साथ एमएसएमई सेक्टर पर जोर देना होगा। लेकिन यह तभी संभव होगा जब विदेशी निवेश बढ़ेगा। इसके लिए सरकार को टैक्स घटाने, महंगाई कम करने और रोजगार दर बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल करना होगा। इक्विटी टैक्स 20 फीसद से नीचे लाना होगा। सरकार को एफडीआई बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल की रणनीति बनानी होगी। अगर सरकार इन सभी उपायों को आजमाती है तो 2029 तक भारतीय अर्थव्यवस्था तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल कर सकती है।

# भिया के तेजस्वी पंखे

**लेखक-भूपेन्द्र भारतीय**
**समीक्षक-सुनील जैन राही**




**भूपेन्द्र** भारतीय की लेखनी की चर्चा से कोई अछूता नहीं है। आए दिन किसी न किसी प्रतिष्ठित अखबार में उनकी कलम का जादू दिखाई देता है। आम जिन्दगी की आम बात को मुद्दा बनाकर समाज को दिशा देकर चुपके से अलग हट जाना, उनकी प्रस्तुति की विशेषता है। यही कारण है उनकी कलम मार्ग प्रशस्त करती है, उपदेश नहीं देती। कुछ ऐसे ही कलम से ि न ा क ल ा ` सामाजिक/राजनीतिक/सांस्कृतिक और पारिवारिक विसंगतियों पर उनके तंज एक साथ भिया के तेजस्वी पंखे में दिखाई देते हैं। यह उनका पहला व्यंग्य संग्रह है, लेकिन भाषा की परिवक्ता का एक कारण यह भी हो सकता है कि वे पेशे से अधिवक्ता हैं। विषय पुराने हों या नये उनका ट्रीटमेंट एक दम अलग और सराहनीय है। वे विषय को मुवक्किल समझते हैं, उसकी हर परेशानी को गम्भीरता से समझकर विश्लेषण करते हैं। यही कारण है विषय की विसंगति आसपास से गुजरती नहीं है, बल्कि पाठक के अंतस में समा जाती है और पाठक उस पर विचार के लि मजबूर हो जाता है। इस विशेष स्थिति में पाठक दूसरा व्यंग्य पढ़ने की मन:स्थिति में शीघ्र उपस्थित नहीं हो पाता है। उल्लेखनीय बात जो है, वह आंचलिक शब्दों (भेले-इकट्ठा) का जोरदार, लेकिन सहज वाक्य रचना के आधार पर प्रयोग किया गया है। आंचलिकता पाठक के लिए बाधक नहीं बनती, बल्कि रचना की खूबसूरती को सहजता से पेश कर जाती है। भूपेन्द्र भारतीय ने इतर शब्द प्रयोग से व्यंग्य की गुणवत्ता को प्रखर स्वरूप प्रदान किया है। वे सीधे-सीधे या कटु शब्द प्रहार से स्वयं को बचाते हुए चमचा शब्द का प्रयोग न करके पंखे शब्द का उपयोग करते हैं, जो हास्य के परिस्थितिजन्य विसंगति का द्योतक भी है। बहरहाल... भूपेन्द्र भारतीय ने उन विषयों पर दृष्टिपात किया है, जिन पर आम व्यंग्यकार दूर भागता है। वे जोकर की भूमिका नहीं निभाते, बल्कि उस शिक्षक की भूमिका में रहते हैं, जिसमें कड़वे सच से रु-ब-रु करवाया जाता है। आरक्षण जाति और मैं....,बापू की बकरी फिर खो गई....शांतिदूतों की दुनिया, सब्जी के ठेले पर लोकतंत्र, हे मधुशाला वीरों अब तुम्हारी बारी है। आदि-आदि... इत्यादि-इत्यादि। इसका आशय यह कदापि नहीं है कि उनके व्यंग्य एक विशेष समाज की बात करते हैं, लेकिन इन विषयों पर आमतौर पर व्यंग्यकार चुप रह जाता है।

क्योंकि उसे मंच, माला और माइक की दरकार रहती है। व्यंग्य संग्रह को पढ़ने के पहले आ0 श्री ब्रजेश कानूनगो जी द्वारा लिखी भूमिका काफी मदद करती है। अप्रत्यक्ष रूप से व्यंग्य की समीक्षा और प्रशंसा दोनों अंतरनिहीत हैं। यह दीगर बात है कि समीक्षा लिखने के पहले भूमिका पढ़ना उचित नहीं है, लेकिन इस व्यंग्य संग्रह में भूमिका मन:स्थिति को विचलित, पथभ्रमित नहीं करती है, बल्कि सहयोग करती है। कुछ ऐसे व्यंग्य भी हैं जो आम जिन्दगी के उन पहलुओं से उठाये हैं, जिनसे मन को सुकून मिलता है। वे किसी राजनीति/रणनीति की बात नहीं करते, बल्कि वे केवल सुकून की जिन्दगी जीने की राह दिखाते हैं। लो एक ने और छोड़ दी, समाचार में सक्रिय माननीय, कवि की फोटोजनिक सेवा, पद जो देखन मैं चला, पद न मिलिया कोय।

व्यंग्य जन-जन की बात करता है। केवल अपने वैचारिक दृष्टिकोण की तुष्टि के लिए लिखा गया व्यंग्य समय के साथ जमीन में धंस जाता है। परसाई जी का एक लड़की पांच दीवाने की तरह व्यंग्य हो जो हर काल में, हर दशा में, किसी भी परिस्थिति में जिन्दा रहने की प्रेरणा देता हो।

# पर्यावरण के द्वार पर खड़ा विनाश का दैत्य

**डा. वीरेन्द्र भाटी मंगल**

**दिन-**प्रतिदिन निरन्तर हमारा पर्यावरण बदल रहा है, और जैसे-जैसे हमारा पर्यावरण बदलता है, वैसे-वैसे ही हमें पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति ओर अधिक जागरूक व सचेत होने की आवश्यकता बढ जाती है। विविध प्रदूषण, बढती जनसंख्या, अपशिष्ट निपटान, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीनहाउस का बढता प्रभाव मानव जाति के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। प्राकृतिक आपदाओं का बढना, गर्मी और ठंडक की अवधि और विभिन्न प्रकार के मौसम परिवर्तन में भारी वृद्धि के साथ इन पर्यावरणीय मुद्दों के साथ-साथ अपने जीवन जीने के तरीके के बारे में बहुत अधिक जागरूक रहकर चिंतन करने की आवश्यकता है। प्रकृति की व्यवस्था के अनुरूप संतुलन ही पर्यावरण है, मानव, पशु, पेड़-पौधे, वायु, जल जमीन की पर्यावरण का निर्माण करते हैं। प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से हर प्राणी की अपेक्षा की पूर्ति संभव है लेकिन संसाधनों के उपभोग को लेकर बढता असंतुलन ही पर्यावरण संकट के रूप में उभर रहा है। वर्तमान में पर्यावरण के साथ खिलवाड़ तेजी के साथ बढ़ रहा है। यही वजह है कि आज वनों का विनाश तेजी के साथ हो रहा है, प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग तेजी से बढ़ रहा है जिसके कारण प्रकृति असंतुलित एवं अस्थिर हो रही है। बढ़ती जनसंख्या का संकेत साफ है कि आने वाले समय में पर्यावरण के द्वार पर विनाश का संकट तेजी से बढ़ता जा रहा है। जनसंख्या विस्फोट के कारण संपूर्ण मानव जाति पर पर्यावरण के खतरे मंडरा रहे हैं। पर्यावरण से खिलवाड़ का परिणाम मानव के समक्ष दानव के रूप में उभर रहा है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के ग्लोबल इंवायरमेंट आउटलुक 3 में छपे आंकड़ों के अनुसार सन 2032 तक पृथ्वी के ऊपरी सतह का 70 प्रतिशत भाग तबाही के कगार पर पहुंच जाएगा। कथित विकास की दौड़ में शहरों का बढ़ता दायरा, सड़कों एवं कारखानों के लिए जगहों का फैलाव लगभग दुगुना हो जाएगा। कल-कारखानों से निकलने वाला धुंआ प्राणी जगत के लिए जहर का कार्य कर रहा है, वही परिवहन के आधुनिक साधनों के माध्यम से निकला हुआ धुआं भी मानव जाति के लिए घातक संकेत है।

# 15 पाकिस्तानियों को पंचायत भवन में ठहराया

## दो माह पहले आए थे भारत, इन्हें लाने वाले का खंगाला जा रहा रिकार्ड

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में 15 पाकिस्तानी हिंदू परिवार के आने की सूचना पर उन्हें देखने को लोगों की भीड़ जुट रही है। जिला मुख्यालय की सीतापुर पुलिस चैकी क्षेत्र के संग्रामपुर में ये लोग ठहरे हैं। गांव के कमलेश पटेल ने बताया कि वह इन्हें दिल्ली से शुक्रवार को लाये हैं।

शनिवार को कमलेश पटेल से कडी पूंछताछ के बाद पाकिस्तानियों को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर संग्रामपुर गांव के पंचायत भवन में ठहराया गया है।

वे पाकिस्तान के कराची स्थित खैरपुर के हैं, पाकिस्तानी राकेश व संतोष ने बताया कि दो माह पहले पाकिस्तान से भारत आए थे। कुछ दिनों तक दिल्ली स्थित भाटी माइंस में रिश्तेदारों के यहां ठहरे थे। वीजा की अवधि समाप्त हो गई है। नवीनीकरण को आवेदन किया है। पाकिस्तान में बेरोजगारी व महंगाई बहुत होने से भारत आए हैं। पाकिस्तानियों को पुलिस के पहरे में संग्रामपुर गांव के पंचायत भवन में ठहराया गया है। 15 पुलिस कर्मी निगरानी में लगे हैं। पुरुष व महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी है। पाकिस्तानियों को यहां लाने वाले कमलेश पटेल से पुलिस ने दस घंटे कड़ी पूंछताछ के बाद उसे घर भेज दिया है। एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया कि पाकिस्तानियों के कागजों की जांच कराई जा रही है। सभी के बयान लिए गये हैं। मामला पाकिस्तान से जुड़ा होने से गहनता से जांच जारी है। सुरक्षा के लिहाज से फिलहाल कुछ कहना मुश्किल है। इन्हें लाने वाले का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि चार अगस्त को ट्रेन से 15 पाकिस्तानी यहां आये थे। ये दो परिवार से हैं। जरूरी दस्तावेजों के अभाव में इनके बताये तथ्यों की जांच जारी है। पंचायत भवन में इन्हें ठहराया गया है। प्रधान को इनके खाने-पीने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लखनऊ मुख्यालय से मार्गदर्शन मांगा गया है।





### परिक्रमा मार्ग पुलिस ने परिवार से बिछड़ी वृद्धा को परिजनों से मिलाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जारी ऑपरेशन मुस्कान में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में चैकी परिक्रमा मार्ग पुलिस टीम ने परिक्रमा दौरान परिजनों से बिछड़ी 70 वर्षीय महिला श्रीमती राममूर्ती पत्नी सुरेश शर्मा निवासी मेरघान थाना दिमनी जिला मुरैना मप्र को परिजनों से मिलाया।

ज्ञात है कि चैकी परिक्रमा मार्ग में तैनात सिपाही रविन्द्र राठौर को शनिवार को परिक्रमा मार्ग चैकी के पास 70 वर्षीय वृद्ध महिला मिली। वह अपने परिजनों से बिछड़ गयी थी। परिक्रमा मार्ग में तैनात सिपाही ने महिला सीमा पाल के पास वृद्धा को चैकी परिक्रमा मार्ग में बैठाया और पानी पिलाया। उसके परिजनों की खोजबीन की।

चैकी परिक्रमा मार्ग पुलिस टीम ने वृद्ध महिला के परिजनों को खोजकर महिला से मिलाया। 70 वर्षीय वृद्ध महिला श्रीमती राममूर्ती पत्नी सुरेश शर्मा निवासी मेरघान थाना दिमनी जिला मुरैना मप्र के परिजनों ने पुलिस की सक्रियता के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में सिपाही रविन्द्र राठौर व महिला सिपाही सीमा पाल शामिल रही।

### छात्रों से पत्र लिखवाकर प्रधानाचार्य पाक्सो से बचने को ढूंढ रहे उपाय , का रुद्र प्रसाद मिश्र ने संलिप्तता के लगाये आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर के आदर्श इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राकेश सिंह चन्देल खुद को निर्दोष बताने को कालेज के छात्रों को भय का माहौल दिखाकर अपने पक्ष में पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को बोल-बोलकर पत्र लिखवा रहे हैं। आल इंडिया लायर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि प्रधानाचार्य दोषी नहीं है तो छात्रों से पत्र क्यों लिखवा रहे हैं।

शनिवार को प्रधानाचार्य के छात्रों से पत्र लिखवाने का खुलासा हुआ। बताया गया कि छात्रों को ये कहकर कि विद्यालय बन्द हो जायेगा, इस बात का भय का माहौल बनाकर वे छात्रों से डीएम-एसपी के नाम पत्र लिखवाकर भेजवा रहे हैं। बच्चों से लिखवाकर थाने में भी पत्र भेजे जा रहे हैं। आल इंडिया लायर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि कानून को नजरअंदाज कर आरोपी को बचाने को हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। पीडिता ने जब मजिस्टेज्ट के सामने राकेश सिंह चन्देल का नाम लिया है तो उसे पाक्सो कानून के अपराध से क्यों बचाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पाक्सो कानून के तहत नाबालिग पीडिता के बयान को नजर अंदाज करके किसी आरोपी को बचाने का प्रयास करने पर विवेचक के खिलाफ भी कार्यवाही हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य के आडियो में साफ सुनाई दे रहा है कि बच्चों को प्रधानाचार्य के बचाव में लिखने को दबाव डाला जा रहा है, ये भी एक अपराध है। इससे जाहिर है कि प्रधानाचार्य की मामले में संलिप्तता है।

### जनउद्योग की राष्ट्रीय बैठक में शामिल होंगे शानू गुप्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता की अध्यक्षता में छह अगस्त को दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में जिले से राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे।

शनिवार को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के महामंत्री शानू गुप्ता ने बताया कि छह अगस्त को केन्द्रीय कार्यालय नई दिल्ली में होने वाले बैठक में वे शामिल होंगे। महत्वपूर्ण बैठक में कई विषयों पर चर्चा होगी। देश में एमएसएमई व रिटेल ट्रेड की वर्तमान स्थिति पर चर्चा होगी। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जायेगी। वाणिज्यकर समेत सम्पूर्ण भारत के छोटे व मझोले तथा सभी व्यापारियों की समस्याओं, लघु-सूक्ष्म, मध्यम उद्योग पर खासतौर से वार्ता होगी। बैठक में सम्पूर्ण भारत के कई प्रदेशों से व्यापारी प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### गौ-मानव सेवा बड़े सौभाग्य से मिलता है : संघ सह सरकार्यवाह सुरेश सोनी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह सुरेश सोनी ने चित्रकूट दौरे दौरान जानकीकुण्ड में स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट का भ्रमण कर ट्रस्ट से संचालित विभिन्न प्रकल्पों को देखा।

शनिवार को सुरेश सोनी ने रघुवीर मंदिर में युगल सरकार का दर्शन कर ट्रस्ट की 25 वर्षों से संचालित गौशाला को देखा। सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में भ्रमण कर नेत्र चिकित्सालय के तमाम विभागों को देखा। गुरुदेव की प्रेरणा से संचालित मानव सेवा, गौ सेवा, साधु सेवा समेत सेवा कार्यों की संघ सह सरकार्यवाह ने सराहना की। कहा कि मानव सेवा और गौ सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। ये सुअवसर मनुष्य को बड़े सौभाग्य से मिलता है। इस मौके पर ट्रस्ट के डायरेक्टर/ट्रस्टी डॉ बीके जैन व ट्रस्टी डा ईलेश जैन ने सदगुरु परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

# सामूहिक दुष्कर्म में लिप्त प्रधानाचार्य को भेजें जेल

## सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पीडिता की मां ने एसपी को लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के आदर्श इंटर कालेज की नाबालिग छात्रा की मां ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि अपराध संख्या 77/2023 धारा 376(2)(1) आईपीसी व 4(2) लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012 के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है।

शनिवार को सामूहिक दुष्कर्म की शिकार नाबालिग बालिका की मां ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि प्रधानाचार्य राकेश सिंह चन्देल व शिक्षक इशाक पुत्र रफीक व मोइन खान डरा-धमका व बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करते थे। इशाक खान किसी आदित्य नाम के मास्टर को स्कूल बुलाकर पुत्री के साथ दुष्कर्म कराता था। चन्देल पुत्री को लेकर मानिकपुर अस्पताल से दवायें खिलाता था। दवायें खिलाने से तकलीफ होने पर 25 जुलाई को पुत्री ने पूरी घटना की जानकारी दी। तीन-चार माह तक उसके साथ दुष्कर्म होता रहा। राकेश सिंह चन्देल स्कूल बन्द होने के बाद भी स्कूल में रहकर खाना-पीना बनवाता और खाता था। उसके बाद ट्रेन से सतना चला जाता था। पीडिता की मां ने बताया कि 26 जुलाई को दुबारा थाने जाने पर उन्हें काफी देर तक बैठाये रखा गया। अपरान्ह दो-ढाई बजे दरोगा ने बोल-बोलकर उसके पति से दूसरी तहरीर लिखवाई, उसमें तीन लोगों के नाम हटाकर एक आरोपी इशाक का नाम शामिल किया।

पीडिता की मां ने कहा कि उसके भांजे ओमप्रकाश को जबरियां मारपीट कर जुल्म कबूल कराते रहे। उसका झूंठा चालान कर दिया। पुलिस विवेचना में घोर लापरवाही कर प्रभावशाली प्रधानाचार्य को बचाने को उसकी पुत्री व परिवार पर दबाव डाल रही है। पुलिस व प्रभावशाली प्रधानाचार्य से परिजनों को जान का खतरा बताते हुए कहा कि झूंठे मामले में उन्हें फंसा सकते हैं। प्रधानाचार्य कालेज में लगे सीसीटीवी कैमरों से छेडछाड कर रहा है। पुत्री ने मजिस्टेज्ट के सामने भी चारों लोगों के नाम बताये हैं। इसके बाद भी प्रधानाचार्य को पुलिस बचा रही है। पीडिता की मां ने प्रधानाचार्य को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है।

# छोटे लोहिया के रास्ते पर चलने का सपाइयों ने लिया संकल्प

## जनेश्वर मिश्र की मनाई जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अगुवाई में छोटे लोहिया स्व पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती पर उनके बताये रास्ते पर चलने का सपाइयों ने संकल्प लिया। कहा कि पं जनेश्वर मिश्र के चिन्तन को भाजपा खत्म करने का प्रयास कर रही है। शनिवार को सपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अगुवाई में पं जनेश्वर मिश्र की जयंती पर सपाइयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि दलित, पिछड़ा, शोषित समाज व महिलाओं के उत्थान को जनेश्वर मिश्र ने आजीवन संघर्ष किया है। छोटे लोहिया के नाम से विख्यात पं जनेश्वर मिश्र के बताए रास्ते पर चलकर सपाइयों ने सत्ता परिवर्तन का संकल्प लिया। कहा कि भाजपा सरकार लोहिया-अंबेडकर व जनेश्वर मिश्र के चिंतन को खत्म करने का प्रयास कर रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का चिंतन दलित, पिछड़ा व महिला विरोधी है। महिलाओं के साथ अन्याय व जुल्म में बढ़ोतरी हुई है। बढ़ी हुई महंगाई से गरीब, मजदूर परेशान है, वहीं नौजवान रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। भाजपा खामोश है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पं जनेश्वर मिश्र का चिंतन सर्वकालिक है। सपा उन्हीं के बताये रास्ते पर चलकर भाजपा को सत्ता से हटायेगी। गोष्ठी में जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, प्रवक्ता सुभाष पटेल, डॉ निर्भय सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, मो गुलाब खान, सीताराम कश्यप, सियाराम गुप्ता, लवलेश यादव, रमेश चंद शास्त्री, महिला सभा की जिलाध्यक्ष रमा यादव, राजकुमारी निषाद, सुनैना कुरील, आलोक चैहान, मानसिंह पटेल, अभिलाष यादव, अवधेश जायसवाल, उमाकांत यादव, राजा यादव, राजेंद्र यादव, राज बहादुर प्रजापति, दिनेश विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा, अनु देवी मौजूद रहे।




# बच्चों को छह माह तक पिलायें मां का दूधः अपर जिला जज

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सखी वन स्टॉप सेंटर में किया कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सखी वन स्टॉप सेंटर में नवजात शिशु के स्तनपान सप्ताह का बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश माथुर ने शुभारम्भ किया। मातृशक्ति के बारे में बताया कि मां शब्द ही स्वतः में पर्याप्त है। अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने कहा कि नवजात शिशु को छह माह तक केवल मां का दूध पिलाना चाहिए।

शनिवार को सखी वन स्टॉप सेंटर में अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने कहा कि मां के दूध के अतिरिक्त बच्चे को अन्य किसी चीज का सेवन नहीं कराना चाहिए। मां को हमेशा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बच्चे को स्तनपान कराते समय उसकी स्थिति हमेशा सही हो। बाएं हाथ में बच्चे को लेकर स्तनपान कराना चाहिए। बच्चे को थपकी दिलाकर डकार दिलाना चाहिए, ताकि बच्चा उस दूध को अच्छे से पचा सके। महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर ने बताया कि मां को बच्चे को स्तनपान कराते समय हमेशा बच्चे की साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिये। मां को थोड़ी-थोड़ी देर में बच्चे को स्तनपान कराते रहना चाहिए। छह माह तक बच्चा केवल मां के स्तनपान पर ही निर्भर रहता है। बच्चे बहुत जल्दी भूखे हो जाते हैं। थोड़ी-थोड़ी देर में बच्चे को दूध पिलाते रहना चाहिए, ताकि बच्चे का पेट भर सके और वह स्वस्थ रहे। वन स्टॉफ सेंटर की काउंसलर अर्चना साहू ने महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी। कहा कि कोई समस्या होने पर सखी वन स्टॉप सेंटर में कह सकती हैं। महिला सशक्तिकरण की जिला समन्वयक मीनू ने महिलाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सेंटर की केस वर्कर रंजीता पांडेय ने सरकार के विभिन्न कार्यक्रम के बारे में बताया। इस मौके पर बाल कल्याण समिति सदस्य उर्मिला, डॉ एसके सिंह, राजेश दुबे, जीतेन्द्र, महिला सशक्तिकरण से जिला समन्वयक संध्या गुप्ता, सखी वन स्टॉप सेंटर की महिला पुलीस कर्मी आरती आदि मौजूद रहे।




### नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में करें जागरूकः अशोक कुमार

**इन्द्री, 05 अगस्त।** एसडीएम अशोक कुमार नशा मुक्ति पखवाडा के तहत अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नशामुक्ति अभियान चलाकर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान बारे जागरूक करें। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नशा मुक्ति पखवाडा के तहत शिक्षण संस्थानों में नशामुक्ति अभियान चलाए गए हैं और उन्होंने बताया कि नशे के विरूद्ध विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर बनाने व चार्ट आदि तैयार करने की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया है जिसमें 470 बच्चों ने भाग लिया। वहीं नशा मुक्ति पर निबंध प्रतियोगिताओं में 3329 विद्यार्थियों ने भाग लिया और इन विद्यार्थियों द्वारा गांवों में अभियान चलाकर लोगों को रैलियों, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं।

### एसडीएम-एएसपी ने सुनी समस्यायें



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सभागार मानिकपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद के मामलों को पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर निस्तारित कराया।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के मामलों की शासन स्तर पर समीक्षा की जाती है। ऐसे में यहां आये मामलों को संबंधित अधिकारी गम्भीरता से लेकर समाधान करायें। पीडित पक्ष को भी अवगत करायें। ऐसा न करने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीरप्रताप सिंह, थानाध्यक्ष मारकुंडी अनिल कुमार, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह तथा राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### कर्वी ब्लाक प्रधान संगठन के अध्यक्ष बने विष्णुकान्त पाण्डेय , जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला ने कहा कि पिछले वर्ष का करायें भुगतान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर ब्लाक सभागार में अखिल भारतीय प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला की अगुवाई में ब्लाक कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ। पांच सदस्यीय चुनाव संचालन समिति में दुगवा प्रधान बृजेश कुमार गर्ग, बनकट विद्यासागर यादव, टिटिहरा प्रधान प्रतिनिधि हेम सिंह, गढीघाट रामसुफल, अमानपुर प्रधान प्रतिनिधि लवलेश निषाद ने चुनावी प्रक्रिया शुरू कराई।

शनिवार को टिटिहरा प्रधान प्रतिनिधि ने ब्लाक अध्यक्ष पद को प्रधान खजुरिहा विष्णुकांत पांडेय व महामंत्री पंडरी प्रधान रामपाल को महामंत्री पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष ने तीन दिन के अंदर ब्लाक इकाई का गठन कर कार्यकारिणी देने को कहा। जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ल ने कहा कि प्रत्येक गांव की बड़ी से छोटी समस्याओं को सभी लोग प्राथमिकता से हल कराते हैं। प्रशासनिक अधिकारी काम कराने में दबाव तो बनाते हैं, लेकिन भुगतान में अनावश्यक परेशान करते हैं, जो गलत है। मनरेगा का भुगतान पिछले वित्तीय वर्ष का नहीं हो रहा। सप्लायरों का भुगतान नहीं किया जा रहा। सप्लायर दबाव बना रहे हैं। मांग किया कि पिछले वित्तीय वर्ष की फीडिंग का भुगतान उसी वर्ष के अनुपात से करायें।

गौशालाओं का भरण पोषण मासिक कराया जाये। इस मौके पर प्रधान कपसेठी रेशू सिंह, चंद्रगहना अवधेश कुमार, लोढवारा शकुंतला देवी, भैसौंधा रामनारायण यादव, दहिनी देवनाथ यादव, कौंहारी रवीकरन, रमयापुर राममंत्र, सदिनपुर संतू देवी, अमिलिहा जगमोहन, भरथौल राजकुमार, कवीर्माफी आशा देवी, हिनौता केदारनाथ, रेहुंटा रामानंद यादव, बारामाफी उर्मिला देवी, रगौली प्रधान लवलेश आदि मौजूद रहे।

### सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय में नेत्र सर्जनों की हुई कार्यशाला



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र के डिप्टी डायरेक्टर/स्टेट प्रोग्राम आफिसर डा अंशुल उपाध्याय की अगुवाई में सरकारी अस्पतालों में नेत्र सर्जरी में गुणवत्ता लाने को संत रणछोड़दास महाराज के संस्थापित सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला हुई।

शनिवार को दो दिवसीय कार्यशाला में साइड सेवर इंडिया की सहभागिता रही। कार्यशाला में मप्र के 15 जिलों के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक ने भाग लिया। कार्यशाला में साइड सेवर की ओर से साइड सेवर टेक्निकल लीड डा संदीप बुटन एवं स्टेट प्रोग्राम लीड जयश्री कुमार, सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ बीके जैन, डा आलोक सेन, डा राजेश जोशी, डा आशीष बजाज आदि चिकित्सको ने नेत्र सर्जरी में गुणवत्ता, क्षमता और कार्य कुशलता जैसे तमाम विषयों पर जानकारियां साझा की। दो दिवसीय कार्यशाला समापन पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र के डा अंशुल उपाध्याय व श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डा बीके जैन ने 15 जिलों से गुणवत्ता प्रशिक्षण लेने आए सभी नेत्र सर्जनों से कहा कि सब नेत्र रोगियों के लिए ही काम कर रहे है। सबका संकल्प और उद्देश्य है कि अंधत्व निवारण पर देश के नेत्र रोगियों को कितना बेहतर कर सकते हैं। इस सोंच के साथ सब काम करेंगे तो नेत्र रोगियों के लिए और देश के लिए सच्ची सेवा होगी।

## बांग्लादेश में डेंगू से 10 और मरीजों की मौत,आंकड़ा पहुंचा 293

**ढाका।** बांग्लादेश में डेंगू ने विकराल रूप ले लिया है। सुबह तक 24 घंटों में डेंगू से 10 और लोगों की मौत हो गई। अब मरने वालों की संख्या बढ़कर 293 हो गई है। पिछले साल म'छर जनित बीमारी




से 281 मौतें हुईं। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अनुसार, बुखार से पीड़ित लगभग 1,757 और मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। इनमें राजधानी ढाका के 892 मरीज शामिल हैं। वर्तमान में राजधानी में 4,568 सहित कुल 9,026 डेंगू मरीज देशभर के अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं।

## यूक्रेन ने रूस पर ड्रोन से ताबड़तोड़ हमला किया

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन की लड़ाई एक बार फिर काला सागर तक पहुंच गई। यूक्रेन ने आज तड़के रूस के कब्जे वाले क्रीमिया को रूसी मुख्य भूमि से जोड़ने वाले पुल पर ड्रोन से हमला किया है। इस दौरान एक बंदरगाह पर धमाकों की आवाज सुनी गई है। रूस



के अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट एक रूसी टैंकर पर यूक्रेनी ड्रोन से किया गया। नोवोरोसिस्क पोर्ट के काला सागर बंदरगाह में रूस की समुद्री बचाव सेवा ने कहा कि टैंकर की मदद के लिए टगबोट भेजे गए। वह भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसकी पुष्टि रूस के मीडिया ने भी की है।

उल्लेखनीय है यूक्रेन अब आक्रामक मुद्रा में है। उसने कल रात भी नोवोरोसिस्क में रूस के नौसैनिक अड्डे पर ड्रोन से ताबड़तोड हमला किया था। इस हमले में रूस का एक युद्धपोत क्षतिग्रस्त हो गया था। हालांकि रूस यह दावा करता है कि उसने यूक्रेन के 13 ड्रोन को मार गिराया है।

## ऑस्ट्रेलिया की अदालत का बड़ा फैसला,सिखों को स्कूल में कृपाण ले जाने से रोकने वाले कानून को पलटा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड राज्य की सबसे बड़ी अदालत ने स्कूल परिसर में सिख छात्रों के कृपाण पहनने पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून को असंवैधानिक करार देते हुए उसे पलट दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्वींसलैंड की प्रमुख अदालत ने कमलजीत कौर अठवाल की याचिका की यह फैसला सुनाया। जिसमें उन्होंने पिछले साल राज्य सरकार के फैसले को चुनैती दी थी। याचिका में दावा किया गया था कि प्रतिबंध कृपाण के साथ भेदभाव करता है, जो सिखों के पांच धार्मिक प्रतीकों में से एक है। सिखों को अपनी आस्था के अनुरूप हर समय इसे अपने साथ रखना चाहिए।



कृपाण सिख धर्म का अभिन्न हिस्सा है। यह उन पांच धार्मिक प्रतीकों में से एक है जिन्हें वे अपनी आस्था के हिस्से के रूप में हर समय साथ रखते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि नस्लीय भेदभाव अधिनियम (आरडीए) के तहत सिख छात्रों के स्कूलों में कृपाण ले जाने पर प्रतिबंध असंवैधानिक है। इससे पहले निचली अदालत ने इस दावे को खारिज कर दिया था कि यह कानून भेदभाव करता है। लेकिन अब क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सिखों की जीत हुई है।

# उत्तराखण्ड के भूस्खलन में लापता नेपाली नागरिकों के उद्धार के लिए भारत से आग्रह

**काठमांडू।** भारत के उत्तराखंड रा'य के रुद्रप्रयाग जिले के गौरीकुंड में हुए भूस्खलन में 17 नेपाली नागरिक लापता हो गए हैं। ये सभी लोग हुम्ला जिले के हैं। केदारनाथ धाम के रास्ते में गौरीकुंड में भूस्खलन से 2 दुकानें और एक झोपड़ी चपेट में आई है। उस स्थान पर हुए भूस्खलन में 13 लोग दब गए। इसमें नेपाली नागरिक द्वारा चलाया जाने वाला एक ढाबा बह गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि केदारनाथ यात्रा पर निकले यात्री खाना खाते समय भूस्खलन के चपेट में आ गए। नेपाल के हुम्ला जिले में रहने वाले हरि बहादुर अपने परिवार के सदस्यों के साथ लापता हो गए हैं। वह उस स्थान पर एक होटल संचालित करते थे जहां भूस्खलन हुआ। हरि के साथ उनका बेटा बीर बहादुर, पत्नी सुमित्रा और बेटी निशा भी भूस्खलन के कारण लापता हो



गए। रूद्रप्रयाग जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह जारवार के हवाले से खबर है कि हरि बहादुर के होटल में खाना खाने आए चंद्रमा बहादुर बूढ़ा और उनका बेटा धर्मराज बूढ़ा भी लापता हो गए हैं। खबरों के मुताबिक नेपाल के जुमला के रहने वाले लाल बहादुर कामी, चंद्रा कामी, सुखराम राऊत और उनका बेटा जोरा राऊत भी लापता हैं। लापता होने वालों की सूची में नेपाली नागरिक मान बहादुर बोहरा, उनका बेटा अमर बोहरा, पत्नी अनीता बोहरा, बेटी राधिका बोहरा, बेटी पिंकी बोहरा, बेटा पृथ्वी बोहरा और जटिल बोहरा शामिल हैं। एक 6 साल का ब'चा भी लापता हो गया है जिसके स्थानीय पते का खुलासा नहीं हो पाया है। यह खबर मिलते ही नेपाल के विदेश मंत्रालय ने भारतीय राजदूतावास के माध्यम से लापता हुए नेपाली नागरिकों के खोजी, राहत तथा उद्धार में सहयोग करने का आग्रह किया है। नेपाल के विदेश मंत्री एन पी साउद ने नेपाल में रहे भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से फोन पर बात कर उनसे उत्तराखण्ड में लापता हुए नेपाली नागरिकों के मामले में सहयोग का आग्रह किया है।

## छोटे राजनीतिक दल स्थानीय ऋण पुनर्गठन में बन रहे बाधा, रानिल विक्रमसिंघे ने लगाया आरोप

**कोलंबो:** ऐतिहासिक आर्थिक संकट के बाद श्रीलंका धीरे-धीरे उभरने का प्रयास कर रहा है। इस बीच राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने छोटे राजनीतिक दलों पर आरोप लगाया है कि वह अदालती आदेशों के जरिए इस संकट से निपटने के प्रयासों को पटरी से उतारने का प्रयास कर रहे हैं। इसको लेकर द्वीप राष्ट्र के प्रमुख ने उनकी आलोचना की। राष्ट्रपति ने ऋण पुनर्गठन कार्यक्रम के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि अब कुच संगठन अदालत का इस्तेमाल करके इसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। अगर यह कार्यक्रम रुक जाता है तो विदेशी सरकारें हमारे साथ काम करना बंद कर देंगी। उन्होंने कहा, देश में फिर ईंधन के लिए कतारें लग जाएंगी और किसानों को उर्वरक के बिना छोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार केवल संसद द्वारा निर्धारित की जाएगी।



विक्रमसिंघे ने कहा कि सभी राजकोषीय मामलों को संसद द्वारा संभाला जाता है, केवल संसद ही इन मुद्दों पर निर्णय ले सकती है। उनकी टिप्पणी विपक्षी जेवीपी (जनता विमुक्ति पेरामुना या पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट) की ओर इशारा कर रही थी, जिसने जून के अंत में सुप्रीम कोर्ट में मौलिक अधिकार याचिका दायर कर पेंशन फंड पर लागू होने वाले डीडीआर उपायों को रोकने के लिए आदेश देने की मांग की थी।

## गंभीर आरोपों के बावजूद ट्रंप की उम्मीदवारी को मिल रहा जबरदस्त समर्थन, मुकदमों को बताया 'बाइडन की हताशा'

**वॉशिंगटनः** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद पर दर्ज मुकदमों को यह कहकर खारिज कर दिया कि यह जो बाइडन की हताशा है। ट्रंप दक्षिणपंथी माने जाने वाले अलबामा के दौरे पर थे। अलबामा में ट्रंप को जबरदस्त समर्थन मिला। ट्रंप पर 2020 के चुनाव नतीजों को पलटने का आरोप है। हालांकि ट्रंप ने इस आरोप को ही बकवास बताया। जो बाइडन पर साधा निशाना । अपने ऊपर लगे मुकदमों पर ट्रंप ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 'यह सिर्फ कुटिल जो बाइडन और उसके कट्टरपंथी वामपंथियों की हताशा है, वह चाहते हैं कि सत्ता पर उनकी पकड़ बनी रहे।' बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए समर्थन जुटाने के लिए विभिन्न रा'यों का दौरा कर रहे हैं। इसी के तहत वह अलबामा पहुंचे, जहां लोगों की भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। ट्रंप का गढ़ रहा है अलबामा अलबामा, डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति का गढ़ रहा है। यही वजह है कि साल 2016 और 2020 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में यहां ट्रंप की पार्टी रिपब्लिकन ने ही जीत हासिल की थी। अलबामा के सभी छह रिपब्लिकन सांसदों ने ट्रंप की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी का समर्थन किया। इनके अलावा अलबामा के वरिष्ठ सीनेटर, लेफ्टिनेंट गवर्नर और एग्रीकल्चर कमिश्नर का भी समर्थन मिला है। रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से उम्मीदवारी में आगे निकले ट्रंप डोनाल्ड ट्रंप, रिपब्लिकन पार्टी की तरफ



से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की रेस में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी फ्लोरिडा के गवर्नर रोन देसांतिस से 39 पॉइंट आगे निकल चुके हैं। अलबामा के 80 से 'यादा सांसदों, जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिल चुका है। वहीं रोन देसांतिस को अभी तक अलबामा से महज पांच जनप्रतिनिधियों का ही समर्थन मिला है। अलबामा के लोग भी मानते हैं कि उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे राजनीति से प्रेरित हैं। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप तीन अलग-अलग मुकदमों में 78 आरोपों का सामना कर रहे हैं।

## युद्ध के बीच पुतिन का तुर्किये दौरा! एर्दोगन बोले- तारीख तय नहीं, लेकिन उम्मीद है कि इसी महीने आएंगे

**इस्तांबुल (तुर्किये)** :एर्दोगन ने कहा, इन वार्ताओं की रूपरेखा के भीतर, मुझे लगता है कि यह यात्रा उम्मीद के मुताबिक अगस्त में ही होगी। समाचार एजेंसी एए के अनुसार, एर्दोगन का यह बयान बुधवार को पुतिन के साथ एक फोन कॉल के बाद आया है। बाचतीच के दौरान वे सहमत हुए हैं कि पुतिन आने वाले दिनों में तुर्किये का दौरा करेंगे। एर्दोगन ने पुतिन से यह भी कहा कि तुर्किये काला सागर अनाज सौदे को फिर से शुरू करने के लिए अपने गहन प्रयास और कूटनीति जारी रखेगा। रूस 17 जुलाई को यूक्रेनी काला सागर बंदरगाहों से अनाज निर्यात को बहाल करने के लिए तुर्किये, संयुक्त राष्ट्र और यूक्रेन के साथ जुलाई 2022 में किए गए समझौते से पीछे हट गया। मॉस्को ने इस बात पर विरोध जताया कि समझौते के रूसी हिस्से का पालन नहीं किया गया। अफ्रीकी देशों को मुफ्त में अनाज भेजने की पुतिन की हालिया पेशकश पर एर्दोगन ने कहा, हम इस मुद्दे पर रूस के साथ हैं, यानी हम काला सागर गलियारे के माध्यम से रूस से आने वाले अनाज को आटे में बदल देंगे और हम इस आटे को गरीब अफ्रीकी देशों और अविकसित देशों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा, अब भी तुर्किये ये कदम उठाता रहेगा और गरीब देशों को अपना समर्थन और सहायता देता रहेगा। बयान के मुताबिक, बुधवार को फोन पर बातचीत के दौरान दोनों नेता पुतिन की तुर्किये यात्रा पर भी सहमत हुए। बयान में



कहा गया है, यह व्यक्त करते हुए कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान तनाव बढ़ाने के लिए कदम नहीं उठाए जाने चाहिए, राष्ट्रपति एर्दोगन ने काला सागर पहल के महत्व को रेखांकित किया, जिसे वह %शांति का पुल% मानते हैं। बयान में आगे कहा गया है, यह इंगित करते हुए कि काला सागर पहल के ज्यादा दिनों तक बंद होने से किसी को कोई लाभ नहीं होगा और अनाज की जरूरत वाले और कम आय वाले देशों को सबसे अधिक नुकसान होगा।

## रूस ने रक्षा खर्च का लक्ष्य बढ़ाकर 100 अरब डॉलर किया, यूक्रेन युद्ध के बीच फल-फूल रही अर्थव्यवस्था

**वॉशिंगटनः** अमेरिका के न्यूयॉर्क की सड़कों पर अफरा-तफरी और दंगे का माहौल रहा। दरअसल बड़ी संख्या में युवाओं की भीड़ सड़कों पर जमा हो गई थी और देखते ही देखते वहां झगड़ा और पथराव शुरू हो गया। कई लोग घायल हो गए और गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। यह सब एक सोशल मीडिया सेलेब्रिटी या कहें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के एक मैसेज (संदेश) से हुआ। खबर के अनुसार, मशहूर यूट्यूबर काई सेनाट ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में लाइव आकर कहा कि वह मैनहेट्टन के निचले इलाके में ने लगे। बता दें कि काई सेनाट के



सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की तादाद में सब्सक्राइबर्स हैं।

**हजारों लोगों की भीड़ हुई जमा** **वॉशिंगटनः**यूएस मीडिया के अनुसार, करीब दो हजार युवाओं की भीड़ मशहूर यूट्यूबर को देखने और गिफ्ट पाने के लिए मैनेहेट्टन के निचले इलाके में स्थित यूनियन स्कवायर पर जमा हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जैसे ही हजारों की भीड़ जमा हुई, तभी कुछ युवाओं ने भीड़ और पुलिस पर पथराव कर दिया। जिससे भगदड़ मच गई। कई लोग पथराव में घायल हुए। दंगे की स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। कई गिरफ्तार न्यूयॉर्क सिटी पुलिस के मुखिया जेफ्री माडेरे का कहना है कि स्थिति अनियंत्रित हो गई थी और काफी संख्या में लोग घायल हुए।

## पाकिस्तानी मूल के उपदेशक पर आतंकवाद के तीन मामले दर्ज, पिछले महीने लंदन पुलिस ने किया था गिरफ्तार

**लंदन :** पाकिस्तानी मूल के एक ब्रिटिश नागरिक पर ब्रिटेन की एक अदालत ने आतंकवाद से संबंधित तीन अपराधों का आरोप लगाया है। आरोपी के खिलाफ अगले साल मई में मुकदमा शुरू होगा। आरोपी कट्टरपंथी इस्लामवादी उपदेशक है, जिसके पास दोहरी ब्रिटिश और पाकिस्तानी राष्ट्रीयता है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि अंजेम चौधरी (56) को पिछले महीने ही पूर्वी लंदन स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। चौधरी पर आरोप है कि उसने प्रतिबंधित संगठन की सदस्यता ली हुई है। उस पर आरोप है कि वह प्रतिबंधित संगठन के समर्थन को प्रोत्साहित करने के लिए किए गए आयोजनों को संबोधित करता है। वहीं, चौधरी पर आतंकवादी संगठन को निर्देशित करने का भी आरोप है। यूके की आतंकवाद अधिनियम 2000 के तहत उसके ऊपर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को वीडियो के माध्यम से लंदन की ओल्डबेली अदालत में पेश किया। अगले साल दोबारा कोर्ट में पेश इसके अलावा, कनाडाई नागरिक पुलिस ने खालिद हुसैन (28) को भी आतंकवाद विरोधी गतिविधियों के तहत गिरफ्तार किया है।

# 15 पाकिस्तानियों को चित्रकूट पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट, पूछताछ जारी

**चित्रकूट।** पाकिस्तान से आए 15 लोगों के दो हिंदू परिवारों को एलआईयू ने हाउस अरेस्ट किया। सभी से पूछताछ जारी है। ये लोग छह माह पहले ट्रेन से पाकिस्तान के कराची से अटारी बॉर्डर होते हुए अमृतसर पहुंचे थे। यहां से दिल्ली और फिर चित्रकूट आए। पाकिस्तानियों के चित्रकूट पहुंचने की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जिले के शिवरामपुर चौकी क्षेत्र के संग्रामपुर में पुलिस को सूचना मिली कि कुछ दिनों से 15 [illegible] आम जरूरतें पूरी करना, वहां रहना मुश्किल है। इसलिए उन्होंने यहां शरण ली है। उन्हें यहां बसने की इजाजत दी जाए। पाकिस्तानी हिंदू परिवार के सदस्यों ने बताया कि सात लोग पहले आए थे। कुछ दिन बाद आठ लोग और आए। जो पहले आए थे, उनका वीजा खत्म



हो गया है। दिल्ली एम्बेसी में वीजा बढ़ाने की एप्लीकेशन दी है। वे गलत नहीं हैं, न कोई जासूस हैं। हालातों के मारे हैं। पूरी एंट्री भारतीय एम्बेसी में है। वे गलत तरीके से नहीं रहना चाहते। भारत सरकार से मांग है कि उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाए।इस मामले में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि सूचना मिली है कि कुछ पाकिस्तानी संग्रामपुर में रह रहे हैं। मौके पर सीओ एलआईयू और इंस्पेक्टर पहुंचे हैं। जांच जारी है। जांच बाद पूरे मामले की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। 15 लोगों को लेकर आये हैं संग्रामपुर के कमलेश पटेल

हिंदू परिवारों को शरण देने वाले कमलेश पटेल ने कहा कि वे समाजसेवी हैं। टीवी-अखबार में देखते थे कि पाकिस्तान से गरीब हिंदू भाई-बहन भारत आए हैं। उनकी हालत खराब है। ये लोग झुग्गी-झोपड़ी में पड़े थे। यहां 15 लोगों को लेकर आये हैं। सभी पाकिस्तानी शरणार्थियों की मदद कर रहे हैं। इन्होंने फेसबुक से संपर्क किया था। कमलेश पटेल ने कहा कि उन्होंने इन्हें चित्रकूट धाम उप्र बुलाया है। सभी दिल्ली में रजिस्टर्ड हैं। कागज देखिए, ये तो सिर्फ 15 लोग हैं। दिल्ली के भाटी माइंस, मजनू टीला और सिग्नेचर बीच में 60 हजार से 'यादा पाकिस्तानी शरणार्थी रह रहे हैं। वे खुद वहां देखकर आये हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## भारत से धान, चावल और चीनी खरीदने का नेपाल सरकार का फैसला

**काठमांडू।** भारत से चावल निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाने के बाद देश में चावल की कमी नहीं होने देने के लिए नेपाल सरकार ने भारत से कूटनीतिक पहल करते हुए चावल, धान और चीनी खरीदने का फैसला किया है।



प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में आने वाले पर्व त्योहार के समय देश में अनाज और खाद्य सामग्री की कमी नहीं होने देने के लिए आवश्यक वस्तुओं की खरीद करने का फैसला लिया गया है। कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए सरकार की प्रवक्ता तथा सूचना व संचार मंत्री रेखा शर्मा ने बताया कि सरकार ने 10 लाख मीट्रिक टन धान, 1 लाख मीट्रिक टन चावल तथा 50 हजार मीट्रिक टन चीनी भारत से खरीदने का फैसला किया है। इसके लिए उद्योग, वाणि'य तथा आपूर्ति मंत्रालय को आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। भारत की तरफ से चावल निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाने के बाद देश में चावल की कीमतों में बढ़ोतरी की खबर के बीच सरकार ने यह फैसला लिया है। सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने कहा कि देश में अभी तीन महीने तक पहुंचने वाले चावल का स्टॉक मौजूद है, इसलिए आम लोगों को चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यह खरीद का निर्णय आने वाले दशहरे से शुरू होने वाले पर्व त्योहार के मद्देनजर किया गया है ताकि तीन महीने बाद भी देश में खाद्यान्न वस्तुओं की कोई कमी नहीं हो।

# इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने ख़ारिज की तोशाखाना केस दूसरे कोर्ट में स्थानांतरित करने की अर्जी

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने तोशाखाना मामले को किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने के पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के अनुरोध को खारिज कर दिया। उधर, इस्लामाबाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद सत्र अदालत ने शनिवार को इमरान खान को व्यक्तिगत हैसियत से तलब कर लिया है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस्लामाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने तोशाखाना मामले से संबंधित दायर 8 अपीलों पर फैसला दिया, जिसमें तोशाखाना फौजदारी कार्यवाही का मामला सुनवाई योग्य घोषित करने के सत्र न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया गया। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने कहा है कि सत्र अदालत को पक्षों को फिर से सुनना चाहिए और तय करना चाहिए कि मामला सुनवाई योग्य है या नहीं।

इसके अलावा अदालत ने गवाहों की सूची को खारिज करने के फैसले के खिलाफ अनुरोध पर नोटिस जारी करते हुए तोशाखाना मामले को किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने के पीटीआई अध्यक्ष के अनुरोध को खारिज कर दिया। इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ही तोशाखाना मामले की सुनवाई करेंगे।

इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पीटीआई के चेयरमैन इमरान खान के खिलाफ तोशाखाना मामले से जुड़ी 8 याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस्लामाबाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद सत्र अदालत ने शनिवार को पीटीआई के चेयरमैन इमरान खान को व्यक्तिगत हैसियत से तलब कर लिया है। पीटीआई के अध्यक्ष के खिलाफ तोशाखाना मामले की सुनवाई सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर की अदालत में हुई।

**सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिकाः**

इससे पहले दिन में सुप्रीम कोर्ट ने तोशाखाना मामले से संबंधित मुकदमे की कार्यवाही के खिलाफ पूर्व प्रधानमंत्री एवं पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान की याचिका खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने तोशाखाना मामले के खिलाफ खान की याचिका पर सुनवाई की। पीठ ने कहा, 'हाई कोर्ट का अंतिम फैसला आने तक निचली अदालत तोशाखाना मामले पर फैसला नहीं कर सकती।'

इस सप्ताह के शुरुआत में शीर्ष अदालत ने खान को यह कहते हुए ठुकरा दिया था कि वह इस्लामाबाद हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करें।

क्या है तोशाखाना मामला?तोशाखाना एक फारसी शब्द है, जिसका अर्थ खजाना घर है, जहां सरकारी अधिकारी उपहार रख सकते हैं।

तोशाखाना तब से सुर्खियों में है, जब से यह आरोप सामने आया है कि खान ने प्रधानमंत्री के तौर पर मिले तोहफों को औने-पौने दामों पर खरीदा और उन्हें भारी मुनाफे के लिए खुले बाजार में बेच दिया।